हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025


तापमान

अधिकतम 39.8 डिग्री

न्यूनतम 26.7 डिग्री


14 वकील से दुर्व्यवहार अधिवक्ता संघ ने एसएसपी...





14 आकर्षक झांकियों के साथ शिवसेना ने निकाली...




# स्मार्ट सिटी मिशन खत्म, रायपुर-बिलासपुर में 9 साल में खर्च हुए 1600 करोड़, 29 काम अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक स्मार्ट सिटी मिशन का विस्तारित कार्यकाल समाप्त हो गया है। इस मिशन के तहत देश के सौ शहरों को स्मार्ट सिटी बनाया जाना था। इनमें छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर शहर शामिल थे। स्मार्ट सिटी रायपुर और बिलासपुर में पिछले 9 साल में 1731 करोड़ का आवंटन हुआ, इसमें से करीब 1600 करोड़ रुपए खर्च किए। खास बात ये है विस्तारित अवधि समाप्त होने के बाद अभी 29 कार्य पूरे नहीं हुए हैं।

भारत सरकार द्वारा देश में कुल 100 शहरों को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए मिशन स्मार्ट सिटी 25 जून 2015 को प्रारंभ किया गया, जिसके अंतर्गत प्रदेश के 3 शहरों को सम्मिलित ▶▶|शेष पेज 13 पर

## 23 मई 2016 को स्मार्ट सिटी योजना में शामिल किए गए थे दोनों शहर

### हर साल 98 करोड़ रुपए मिले

भारत सरकार द्वारा तीनों शहरों हेतु 05 वर्षों में केन्द्रांश राशि रू. 98.00 करोड़ प्रतिवर्ष के मान से राशि 490 करोड़ रुपए प्रति शहर प्रावधानित की गई थी। मिशन के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रति शहर राज्यांश के रूप में राशि रू. 500 करोड़ रुए का प्रावधान किया गया।



### बिलासपुर में सेंट्रल लायब्रेरी सहित ये काम

बिलासपुर स्मार्ट सिटी द्वारा बिलासपुर शहर में सेंट्रल लाईब्रेरी, इन्क्यूबेशन सेंटर, वर्किंग वूमन हॉस्टल, मिट्टी तेल गली एवं व्यापार विहार में स्मार्ट रोड का कार्य, तारामण्डल तथा जातिया तालाब पुनरोध्दार के साथ-साथ प्रमुख परियोजनाएं जैसे इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, अरपा रिडवल्पमेंट प्रोजेक्ट का लाभ भी जनता को मिल रहा है। शीघ्र ही दोनों स्मार्ट सिटी शहरों में 29 कार्य अधूरे हैं। इन कार्यों को पूरा किया जाएगा।

### रायपुर में हुए ये काम

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर में प्रदूषण रहित यातायात प्रणाली के विकास एवं संचालन हेतु ई-रिक्शा, सायकल शेयरिंग, ट्रैफिक पुलिस एवं प्रशासन को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किये जाने के साथ साथ शहरी नागरिकों को दी जाने वाली सार्वजनिक सुविधाओं की समस्त जानकारी एक ही प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने हेतु इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट सिस्टम एवं कंट्रोल सेंटर दक्ष स्थापित किया गया है। बहुप्रतीक्षित जवाहर बाजार पुनर्विकास (रिडेव्हल्पमेंट) का कार्य पूर्ण कर लोकार्पित किया गया है। मल्टीलेवल पार्किंग, आक्सीजोन, नालंदा परिसर, आनंद समाज लाईब्रेरी, इंडिग्रेटेड कमाण्ड कंट्रोल सेंटर, सिटी कोतवाली थाना, शास्त्री बाजार पुनरोध्दार, आर.डी. तिवारी, बीपी पुजारी स्कूल का उन्नयन, तेलीबांधा, बूढा तालाब, खोखो तालाब, बंधवा तालाब, प्रहलदवा तालाब का पुनरोध्दार आदि प्रमुख कार्य पूर्ण किए गए है।

## खबर संक्षेप

### दुकान में लूट का प्रयास दो आरोपी गिरफ्तार


**रायपुर**। लूट का प्रयास करने के मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी दिनेश वर्मा ने खमतराई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 अप्रैल को रात करीब 9 बजे



वह अपनी दुकान शक्तिपारा उरकुरा में बैठा था। उसी समय रोशन सिंह एवं विशेष सिंह उसकी दुकान पर पहुंचे और सामान एवं पानी पाउच मांगा। दिनेश ने जब सामान देने से मना किया तो दोनों दुकान के अंदर जबरन घुसकर उसके साथ मारपीट कर गल्ले से पैसे निकालने लगे। दिनेश ने जब शोर मचाया तो उसके भांजे आदित्य वर्मा सहित मोहल्ले के अन्य लोग भी वहां पहुंच गए। लोगों के पहुंचते ही दोनों वहां से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपियों को तलाश कर गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बिहार महतारी चौक उरकुरा के रहने वाले है।

### घर से हुक्का की सामग्री जब्त, करेंगे पूछताछ

**रायपुर**। खम्हारडीह पुलिस ने एक मकान से हुक्का की सामग्री जब्त की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राजीव नगर में



एक व्यक्ति अपने घर पर हुक्का की सामग्री रखा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस ने मकान में दबिश देकर वहां से बड़ी मात्रा में हुक्का सामग्री जब्त की है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में फिलहाल मकान मालिक को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पूछताछ के बाद ही इस मामले में कुछ बता पाएंगे।

### जिलाबदर का आरोपी शहर में मिला, केस दर्ज

**रायपुर**। जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन करने के मामले में तेलीबांधा पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज किया है। आरोपी विजय जयसिंघानी सुभाष नगर का निवासी है। विजय आदतन आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके रिकार्ड को देखते हुए जिलाबदर की कार्रवाई की गई थी। जिलाबदर होने के बाद भी वह अपने घर पर आकर रहने लगा था। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा छग. रासुअ 14, 15 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## लद्दाख सबसे पीछे, ई चालान का आंकड़ा हजार से भी नीचे, छग ने कमाए 18 करोड़ रुपए

# पांच साल में तमिलनाडु ने काटे साढ़े पांच करोड़ ई-चालान, छग में छह बरस में दो लाख पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

ट्रैफिक नियमों को डिजिटल के रूप में विस्तार करते हुए देश के सभी राज्यों में ई-चालान लागू किया गया है। इस डिजिटल प्रणाली के तहत की जाने वाली कार्रवाई से न केवल पारदर्शिता बनी हुई है, बल्कि ट्रैफिक नियम की आड़ में किए जाने वाले भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगा है। इस डिजिटल ई चालान के लागू होने के बाद सरकारी खजाने में भी जमकर इजाफा हुआ है। पिछले 5 साल में देशभर में 18 करोड़ 24 लाख 5 हजार 50 ई-चालान जारी किए गए हैं, जिससे सरकार को कुल 12631 करोड़ 97 लाख 14 हजार 315 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### छत्तीसगढ़ में पिछले 6 वर्ष के आकड़ें

| | चालान | वसूली |
|---|---|---|
| 2019 | 6545 | 2828600 |
| 2020 | 14774 | 9943200 |
| 2021 | 21991 | 1302500 |
| 2022 | 32871 | 21384800 |
| 2023 | 61901 | 61218100 |
| 2024 | 54689 | 69842100 |



### उत्तरप्रदेश राजस्व वसूली में टॉप पर

ई-चालान जारी करने में जरूर तमिलनाडु राज्य सबसे आगे रहा है, लेकिन राजस्व वसूली में उत्तरप्रदेश टॉप पर रहा। उत्तरप्रदेश में 4 करोड़ 4 लाख ई-चालान जारी किए गए, जिससे कुल 2495 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व वसूला है।

### एक नजर... कौन से राज्य में कितने ई चालान जारी हुए

| | |
|---|---|
| तमिलनाडु | 5 करोड़ 57 लाख |
| उत्तरप्रदेश | 4 करोड़ 4 लाख |
| केरल | 1 करोड़ 88 लाख |
| हरियाणा | 1 करोड़ 3 लाख |
| दिल्ली | 1 करोड़ से ज्यादा |
| राजस्थान | 5855678 |
| ओडिशा | 5411511 |
| बिहार | 4341219 |
| हिमाचल प्रदेश | 3606736 |
| पश्चिम बंगाल | 3344857 |
| गुजरात | 3331209 |
| महाराष्ट्र | 3091878 |
| गोवा | 2586910 |
| चंडीगढ़ | 2290051 |
| मध्य प्रदेश | 2019408 |

▶▶|शेष पेज 13 पर

### टॉप टेन में इन राज्यों के नाम

केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा में 1 जनवरी 2019 से 31 दिसंबर 2023 तक की स्थिति में देशभर जारी किए गए ई चालान के प्रकरणों तथा उससे प्राप्त राजस्व की जानकारी दी थी। इन आंकड़ों में अलग-अलग राज्य के आंकड़े भी दिए गए हैं, जिसके तहत सबसे ज्यादा ई चालान जारी करने वाले राज्यों के टॉप पांच में तमिलनाडु के साथ उत्तरप्रदेश, केरल, हरियाणा एवं दिल्ली शामिल हैं। इन पांचों राज्यों में ई चालान करोड़ों में जारी हुए हैं। इसके अलावा राजस्थान, ओड़िशा, बिहार, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, चंडीगढ़, मध्यप्रदेश, असम, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, त्रिपुरा, झारखंड जैसे राज्यों में भी लाखों की संख्या में ई-चालान जारी हुए हैं।

# खाड़ी से आने वाली नमी की मात्रा कम इसलिए गर्मी से नहीं मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तीन तरह का सिस्टम बनने के बाद भी बंगाल की खाड़ी से प्रदेश में पहुंचने वाले नमी की मात्रा कम होने की वजह से गर्मी से बड़ी राहत मिलने की संभावना बहुत कम है। इसके प्रभाव से उत्तर और दक्षिण में हल्की बारिश तो हो सकती है, मगर रायपुर समेत मध्य हिस्से में इसका खास असर होने की संभावना कम है।

■ उत्तर और दक्षिण में हल्की बारिश मध्य में सिस्टम बेअसर

पश्चिमी विक्षोभ के अलावा बनने वाली द्रोणिका और चक्रीय चक्रवाती घेरा की वजह से प्रदेश के मौसम में बदलाव होने की उम्मीद जताई गई थी, मगर ऐसा हो नहीं हो पाया। मंगलवार को राजधानी का तापमान कल की तुलना में एक डिग्री के लगभग कम हुआ, मगर राजनांदगांव का पारा बढ़कर 42 डिग्री के पार हो गया। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक मौजूदा सिस्टम के प्रभाव बस्तर और सरगुजा संभाग के कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश हो सकती है। मध्य इलाके यानी रायपुर, दुर्ग संभाग के क्षेत्रों में गर्मी से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति रह सकती है, मगर तापमान में ज्यादा गिरावट नहीं होगी। मंगलवार को सबसे अधिक तापमान नांदगांव का दर्ज हुआ, वहीं अन्य शहरों में 38 से 40 डिग्री की गर्मी रही। वहीं रात का औसतन तापमान में प्रदेश में 18 से 27 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया जा रहा है।

## पुरानी बातों को लेकर हत्या की आशंका, उगाही की भी थी शिकायत

# साथी ने ही की हिस्ट्रीशीटर की हत्या, साथ बैठकर शराब पी और फिर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर में मंगलवार को दिनदहाड़े मर्डर हो गया। मृतक हिस्ट्रीशीटर है, जिसे उसके ही एक साथी ने सुबह करीब 9.30 बजे मंगलम भवन चौक स्थित मुरारकर काम्पलेक्स के पास सड़क पर चाकू मारा और फरार हो गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद कुछ घंटों के भीतर ही पुलिस ने आरोपी को ढूंढकर गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस का कहना है कि मृतक और आरोपी के बीच पुरानी रंजिश थी और इसी कारण आरोपी ने उसकी हत्या की है। वहीं दूसरी ओर यह भी बात सामने आ रही है कि मृतक नशे का आदी था तथा आए दिन वह लोगों से जबरदस्ती पैसे मांगा व छीना करता था। घटना के पूर्व भी वह आरोपी से जबरदस्ती पैसे मांग रहा था, जिससे उसने गुस्से में आकर उसकी हत्या कर दी।

आजाद चौक पुलिस के अनुसार शिवनगर निवासी गोपी निषाद आदतन अपराधी प्रवृत्ति का था। उसके खिलाफ अलग-अलग 9 प्रकरण थाने में दर्ज हैं। वह नशे का भी आदी था। आरोपी शुभम साहू उर्फ हेमंत 18 वर्ष अन्नपूर्णा मंदिर के सामने बजरंग नगर में रहता है। बताया गया कि दोनों दोस्त भी रहे और एक साथ नशा भी करते रहे, लेकिन दोनों में गोपी आदतन बदमाश था, जिससे पूरा मोहल्ला भी परेशान था। आए दिन नशे में धुत होकर वह मोहल्ले वासियों को परेशान किया करता था। कई बार तो वह लोगों से ▶▶|शेष पेज 13 पर

### घटना के एक घंटे पहले मृतक ने एक युवक से छीने थे सौ रुपए

सूत्रों के अनुसार मृतक गोपी ने घटना से एक घंटे पहले एक युवक से सौ रुपए छीने थे। उसी छीने पैसे से उसने शराब पी थी। शराब पीने के बाद वह शुभम से मिला था और पैसे मांगे थे। हालांकि पुलिस द्वारा इसकी पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस ने इस मामले में शुभम के विरुद्ध धारा 103(1) बी.एन.एस. के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# पैरेंटिंग कैलेंडर के जरिए संवाद करेंगे शिक्षक और पालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने शिक्षकों और अभिभावकों के बीच संवाद को बढ़ाने के लिए एक अनूठी पहल की है। सीबीएसई ने यू-ट्यूब के माध्यम से एक पैरेंटिंग कैलेंडर जारी किया है। यह शैक्षणिक सत्र 2025-26 से लागू होगा। इसके जरिये अभिभावकों व शिक्षकों के ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ कमेटी की सिफारिश पर किया गया लागू

### मजबूत होगा तालमेल

बोर्ड का कहना है कि यह कैलेंडर अभिभावकों और शिक्षकों के बीच तालमेल और बातचीत बढ़ाने का माध्यम बनेगा। बोर्ड का मानना है कि जब अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों पर ध्यान देते हैं तो उनका समग्र विकास बेहतर होता है। बोर्ड की ओर से यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मद्देनजर की गई है। कैलेंडर से अभिभावक ▶▶|शेष पेज 13 पर


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411


# लॉ में दिलचस्पी ज्यादा लेकिन नतीजे खराब

## भाषा विज्ञान में दर्ज संख्या कम फिर भी परिणाम 90%

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवार को बीएएलएलबी, भाषा विज्ञान सहित सहित एमएससी के कई विषयों के नतीजे घोषित किए गए। जिस विषय में छात्रों की दिलचस्पी सर्वाधिक रहती है, उसमें छात्रों का प्रदर्शन बहुत अच्छा नहीं रहा। इसके उलट कम दिलचस्पी वाले विषयों में विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जारी किए गए नतीजों के अनुसार, बीएएलएलबी पार्ट-1 के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में 319 विद्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 206 ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, ▶▶|शेष पेज 13 पर

■ एमएससी बायोकेमेस्ट्री और माइक्रोबॉयोलॉजी के नतीजे भी रहे खराब

### बायोसाइंस में सभी उत्तीर्ण

इसके अलावा रविवि ने एमएससी बायोकेमेस्ट्री प्रथम सेमेस्टर के परिणाम जारी किए हैं। इसमें शामिल 12 में से 6 अर्थात 50 प्रतिशत विद्यार्थी ही सफल हो सके हैं। एमएससी माइक्रोबायोलॉजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल 65 में से 35 विद्यार्थियों अर्थात 53.85 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। एमएससी बायोसाइंस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल सभी 15 छात्रों को रविवि ने उत्तीर्ण घोषित किया है। इसके अलावा बीवॉक इंटीरियर डिजाइनिंग, एमएससी इलेक्ट्रॉनिक्स प्रथम सेमेस्टर के परिणाम भी विश्वविद्यालय द्वारा अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं।





श्री सकल जैन समाज, रायपुर द्वारा आयोजित
भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव
JITO RAIPUR
JITO YOUTH
JITO LADIES
ONE WORLD, ONE CHANT
TOGETHER FOR PEACE
विश्व नवकार महामंत्र दिवस
9 APRIL 2025, WEDNESDAY
विश्व कल्याण के लिए जुड़े
नवकार महामंत्र का जाप करें
भारत सहित जुड़ेंगे 108 देश के लाखों लोग। 100+ मेगा इवेंट्स।
6000+ देरासर/उपाश्रय/स्थानक से सीधा प्रसारण
भव्य शोभा यात्रा
गुरुवार, 10 अप्रैल 2025, समय : प्रातः 8:30 बजे
श्री दिगम्बर जैन मंदिर मालवीय रोड से प्रारंभ होकर श्री ऋषभदेव जैन श्वेताम्बर मंदिर
सदर बाजार, सत्ती बाजार, तात्यापारा, बढ़ईपारा, रामसागर पारा, गुरुनानक चौक होते हुए
श्री जिनकुशलसूरी जैन दादाबाड़ी तीर्थ, एम.जी. रोड पहुंचेगी
स्थल : श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी तीर्थ, एम.जी. रोड, रायपुर
NAMO LAW PRACTICES
विश्व नवकार महामंत्र दिवस
एवं
भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं
रचना - महावीर जैन । नताशा - नरेश नाहर
जिसने स्वयं पर विजय प्राप्त कर ली,
उसने संसार पर विजय प्राप्त कर ली।
Utsava EXHIBITION AND EVENT
श्री सुरेश कुमार जैन
श्रीमती कंचन जैन
भगवान महावीर जन्मकल्याणक
महोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...
श्री विजय कुमार । राज कुमार । वीरराज
बोथरा परिवार (राजिम-रायपुर)
ऑफर! ऑफर! ऑफर!
जैन चुस्की
चुस्की चाय पिया क्या ?
ये नहीं पिया तो क्या पिया ...
जैन चुस्की इलायची युक्त एवं
गोल्ड के 1 किलो पैक के साथ
1 कप फ्री
JAIN TRADERS 94242-05071
डुप्लीकेट से सावधान - जैन चुस्की देख कर ही खरीदें।
भगवान महावीर
जन्मकल्याणक महोत्सव
की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Jewellers Anopchand Bhansali SINCE 1945
Sadar Bazaar, Raipur, Ph.: 0771-2555535
महावीर जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं
NAWLAKHA COMPUTER
Specialist in Laptop Reparing
▪ HP LAPTOP ▪ HP DESKTOP ▪ HP PRINTER
▪ HP ALL-IN-ONE COMPUTER ▪ COMPUTER ON RENT ▪ LAPTOP ON RENT
▪ LAPTOP REPAIRING IN SAME DAY
GEM Registered Supplier
HP Exclusive Store
Auth. Dealer -
राकेश नवलखा
Chhotapara, Near Dr. Rajesh Trivedi Hospital, Near Kotwali Chowk, Raipur (C.G.)
9827189877, 9303971008 , 0771-4096008
भगवान महावीर जन्मकल्याणक
महोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...
AROHI
(A Class Electrical Contractor)
ER. SHRIPAL ARUN BOTHARA (B.E Electrical) Mob. no.- 9617980011
॥ अहिंसा परमो धर्मः ॥
भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Arihant INFRA
CA ALOK JAIN
AMRESH JAIN
CA NAVEEN JAIN
भगवान महावीर जन्मकल्याणक
महोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं...
Nilesh Samkit Bothra
Sadbhav
ICON
जय महावीर
Symbol of Trust
Since 1957
जीयो और जीने दो
भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव की
हार्दिक शुभकामनायें
अनोपचंद तिलोकचंद
ज्वेलर्स प्रा.लि.
AT Palace, City Kotwali Chowk, Raipur
Kotwali Chowk Raipur | Sadar Bazar Raipur | Pandri Raipur | CMD Chowk Bilaspur | Power House Korba | Gandhi Preetam Gondia | Pool Chowk Shivrinarayan
SVA Shanti Vijay Advertisers
Rajesh Publicity
Rajesh Publicity

## खबर संक्षेप

### पॉवर कंपनी के 213 अधिकारियों कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में 213 अधिकारियों-कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। इसमें प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के 13 अधिकारी तथा तृतीय व चतुर्थ वर्ग के 200 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। ट्रांसमिशन कंपनी के मानव संसाधन विभाग से ट्रांसमिशन-डिस्ट्रीब्यूशन व सिविल संकाय के 11 अधिकारियों के पदोन्नति आदेश जारी किए गए हैं। इसमें कार्यपालक निदेशक के तीन व मुख्य अभियंता के पांच तथा अधीक्षण अभियंता के तीन अधिकारियों को पदोन्नति प्राप्त हुई है। जनरेशन कंपनी से दो मुख्य अभियंताओं को कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

### सकरी में दो दिवसीय अखंड सत्संग समारोह 11 से

रायपुर। सतनाम के पुजारी सत्यग्रंथ समारोह समिति द्वारा ग्राम सकरी में दो दिवसीय 11 से 12 अप्रैल तक अखंड सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में सतनामी समाज के लोग शामिल होंगे। यह जानकारी समारोह के अध्यक्ष संतराम नारंग और भंडारी कोमलदास गेंडरे ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सत्संग मंडल शामिल हो सकते हैं, प्रत्येक पार्टी को 1001 रुपए प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। कार्यक्रम शाम 5 बजे प्रारंभ होगा। इस कार्यक्रम को कई समितियों का सहयोग मिल रहा है।

### सोशल मीडिया पर विवादित कमेंट से धोबी समाज आक्रोशित

रायपुर। रजककार बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक के भतीजे अंशु तुलसी रजक ने समाज के लोगों के खिलाफ सोशल मीडिया पर यह टिप्पणी कर दी कि देशहा धोबी को झेरिया धोबी तुच्छ समझते थे, अब वही देशहा धोबी व्यक्ति बोर्ड का अध्यक्ष बन गया है, अब उसे झेरिया धोबी समाज के लोग अपने बाप और जीजा समझो। यह बात सोशल मीडिया में आग की तरह फैल गई। समाज में आक्रोश व्याप्त हो गया। समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर से संपर्क किया और इस संबंध में उचित कार्यवाही करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को इसके संबंध में सप्रमाण जानकारी दे दी है।

# 52 हजार सीटों के लिए एक लाख आवेदन, दस्तावेजों की जांच 25 तक


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत निजी विद्यालयों की 25 प्रतिशत सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया मंगलवार को समाप्त हो गई। पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च तय की गई थी।

आरटीई पोर्टल में आई खराबी के कारण इसे कुछ दिनों के लिए बंद किया गया था। इसके कारण लोगों को 8 दिनों का अतिरिक्त समय आवेदन के लिए दिया गया। आंकड़ों के मुताबिक, प्रदेश के 6,732 स्कूलों की 25 प्रतिशत सीटों पर इसके माध्यम से प्रवेश मिलेगा। इन स्कूलों में आरटीई की 51 हजार 978 सीटें हैं। इसके लिए एक लाख 5 हजार आवेदन मिले हैं। आवेदन पूर्ण होने के बाद अब आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। आवेदन के साथ-साथ नोडल अधिकारियों द्वारा दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई थी। नोडल अधिकारियों द्वारा 17 मार्च से दस्तावेज सत्यापन प्रारंभ किया गया था, जो 25 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 1 व 2 मई को लॉटरी निकालकर सीट आवंटन किया जाएगा। जिन छात्रों के नाम सूची में रहेंगे, उन्हें 5 से 30 मई तक का समय दाखिले के लिए मिलेगा।

**खास बातें**

- 31 मार्च से बढ़ाकर 8 अप्रैल की गई थी आरटीई आवेदन की तिथि
- प्रदेश के 6732 निजी विद्यालयों की 25% सीटों में इसके जरिए प्रवेश




### 31 जुलाई तक सभी चरण पूर्ण

प्रथम चरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद दूसरे चरण के अंतर्गत स्कूलों की पंजीयन प्रक्रिया 2 जून से प्रारंभ होगी, जो 16 जून तक जारी रहेगी। इसके पश्चात छात्रों को 20 से 30 जून का समय आवेदन के लिए दिया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन 1 से 8 जुलाई तक होगा। 14 व 15 जुलाई को लॉटरी निकालते हुए सीट आवंटित कर दी जाएगी। छात्रों को 18 से 31 जुलाई के मध्य दाखिला लेना होगा। इस तरह से 31 जुलाई तक सभी चरणों की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि विलंब प्रवेश के चलते छात्रों की पढ़ाई प्रभावित ना हो।

### वकील को जबरदस्ती पुलिस गाड़ी में थाने ले जाकर मारपीट का लगाया आरोप

# वकील से दुर्व्यवहार, अधिवक्ता संघ ने एसएसपी कार्यालय घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वकीलों ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय का घेराव कर दिया। संघ के लोगों ने आरोप लगाया है कि एक महिला की गिरफ्तारी के प्रकरण में पूछताछ करने पर तेलीबांधा थाना के कुछ स्टॉफ ने पक्षकार और उसके नाबालिग लड़के तथा दो वकीलों के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर तेलीबांधा थाना ले जाकर सभी से गाली-गलौच कर मारपीट की। अधिवक्ता संघ ने इस मामले में एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर जांच कराकर दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग की है। संघ द्वारा सौंपे गए ज्ञापन पर एसएसपी लाल उमेद सिंह ने इस मामले में जांच के आदेश दिए है। उनका कहना है कि जांच में आरोप अगर सही मिले, तो निश्चित कार्रवाई की जाएगी।

अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष हितेंद्र तिवारी, सचिव अरुण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में करीब दो सौ वकीलों ने कलेक्टोरेट स्थित एसएसपी कार्यालय का घेराव कर दिया। संघ की ओर से एसएसपी को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें संघ के सदस्य हिमांशु ठाकुर एवं अजय कुमार साहू तथा उनके पक्षकार महिला एवं उसके नाबालिग पुत्र के साथ तेलीबांधा पुलिस द्वारा मारपीट करने का आरोप लगाते हुए जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की।



### उपनिरीक्षक-सहायक उपनिरीक्षक पर लगे आरोप

पुलिस प्रताड़ना के शिकार हुए वकील हिमांशु ठाकुर एवं अजय साहू ने एसएसपी से की गई लिखित शिकायत में आरोप लगाया है कि 7 अप्रैल को उन्हें एक महिला पक्षकार के परिजनों का फोन आया कि उसे तेलीबांधा पुलिस गिरफ्तार कर एडीएम कोर्ट ले गई है। यह सूचना पाकर वे एडीएम कोर्ट पहुंचे, जहां जाने पर पता चला कि पक्षकार को एक घंटे पहले जेल भेजने का आदेश सुनाया गया है। इसके बाद पुलिस उसे ले गई है। इसी दौरान हिमांशु ठाकुर को पक्षकार के नाबालिग पुत्र का फोन आया कि उसकी मां और वह एडीएम कोर्ट के पीछे वाले रास्ते पर खड़े हैं। वहां जाकर देखा तो पक्षकार पुलिस गाड़ी के बाहर खड़ी थी, वहीं गाड़ी में दो महिला आरक्षक और चालक वर्दी में थे तथा एक व्यक्ति सादे कपड़े में बैठा हुआ था। हिमांशु ने बताया कि उसने जब पक्षकार से जेल भेजे जाने की जानकारी ली, तो उसने बताया कि उसे थाने में बुलाया गया था, लेकिन जब वहां पहुंची तो उसे हिरासत में लेकर सीधे एडीएम कोर्ट ले आए। एडीएम कोर्ट के फैसले के बाद करीब एक घंटे तक पुलिस द्वारा पक्षकार को कलेक्टोरेट परिसर में रोक कर रखे जाने के संबंध में जब हिमांश और अजय ने पुलिस कर्मियों से पूछताछ की, तो इस बात पर वे आक्रोशित हो गए। इस बीच सादे कपड़े में तेलीबांधा थाना की महिला उपनिरीक्षक जिसका नाम चित्रलेखा बताया जा रहा है, वह और उपनिरीक्षक संतोष यादव ने दोनों वकीलों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पक्षकार और उसके नाबालिग पुत्र को जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर थाने ले गए, जहां करीब दो घंटे तक उन्हें जबरन बैठाए रखा। इस दौरान उनके साथ गाली-गलौज कर मारपीट भी की गई।

### मारपीट में आई चोटें

शिकायत में यह भी कहा गया है कि पुलिस कर्मियों द्वारा की गई मारपीट में पक्षकार व उसके नाबालिग पुत्र को चोट भी आई है। हिमांशु को हाथ-मुक्का के साथ लेदर के पट्टे से भी पीटा गया है। इस दौरान जब वकील और पक्षकार के परिजन थाने पहुंचे, तो उन्हें भी डेढ़ घंटे तक बैठाकर रखा गया।

### सीसीटीवी कैमरे के फूटेज सुरक्षित रखने की मांग

अधिवक्ता संघ ने इस मामले में तेलीबांधा थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज सुरक्षित रखने की भी मांग की है। संघ का कहना है कि मारपीट की पूरी घटना कैमरे में कैद हुई है जो आरोप को सिद्ध कर सकते हैं। इसलिए फुटेज को निकालकर उसकी जांच की जाए।

**जांच की जा रही**

वकील के साथ दुर्व्यवहार की अधिवक्ता संघ की शिकायत पर जांच की जा रही है। जांच के बाद ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

- लाल उमेद सिंह
एसएसपी रायपुर

# आकर्षक झांकियों के साथ शिवसेना ने निकाली रामनवमी शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा राजधानी में मंगलवार को आकर्षक झांकियों के साथ शाम 6 बजे रामनवमी शोभायात्रा निकाली गयी। यह फूल चौक, शारदा चौक जयस्तंभ चौक होते हुए सिटी कोतवाली, सदर बाजार मार्ग से शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस फूल चौक में धर्मसभा में तब्दील हुई। जयश्रीराम के जयकारों की गूंज के बीच निकाली गयी इस भव्य शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। राजधानी में छत्तीसगढ़ शिवसेना ने विट्ठल मंदिर फूल चौक, नवीनबाजार से पारंपरिक शोभायात्रा छत्तीसगढ़ शिवसेना प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में निकाली। विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। आकर्षक शोभायात्रा में प्रदेश के सभी जिलों के शिव सेना पदाधिकारी, शहर के 70 वार्ड सहित बड़ी संख्या में शिव सैनिक उत्साह के साथ शामिल हुए। रायपुर महानगर से चूनाभट्ठी, रमण मंदिर, प्रदेश कार्यालय चौबे कालोनी, हांडीपारा, अभनपुर, संतोषीनगर, कुशालपुर, रायपुरा, आरंग, गोंदवारा, स्टेशन चौक, टिकरापारा सहित अलग-अलग विधानसभा से लाई गयी आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही।



### झांकी में रामदरबार, हनुमान जी की चित्ताकर्षक छवि ने किया आकर्षित



रंग-बिरंगी रोशनी के साथ शोभायात्रा में शामिल एक से बढ़कर सुंदर झांकियों को देखने लोग उमड़ पड़े। इन झांकियों में रामदरबार की झांकी अनूठी रही। वहीं रामभक्त हनुमान का विराट रूप झांकी में देखने को मिला। धार्मिक व पौराणिक प्रसंगों पर केंद्रित झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनीं। बाजे-गाजे के साथ निकाली गई झांकी बरबस ही लोगों को लुभा रही थी। बड़े जतन से इसे मूर्तिकार ने सुंदर जीवंत स्वरूप देते हुए आकार दिया।

### पारंपरिक शौर्य प्रदर्शन से लोग चकित

*रामनवमी शोभायात्रा में अजब-गजब शौर्य प्रदर्शन को देखने का मौका मंगलवार को राजधानीवासियों को मिला। इसमें एक व्यक्ति की पीठ पर चढ़कर मुंह में साइकिल का पहिया दबाये रोमांचक प्रदर्शन करते करतबबाज आग की लपटों से घिरे पहिये को सधे हुये अंदाज में घुमाते नजर आया। इसी तरह अन्य शौर्य प्रदर्शन देख लोग चकित हुये बिना नही रह सके।*

## बिजनेस साइट

### वी-स्क्वायर में विवाह महोत्सव की शानदार शुरुआत




रायपुर। वी-स्क्वायर (अंबुजा मॉल के पास) में विवाह महोत्सव की शुरुआत हो गई है, जहां हर खरीदी पर ग्राहकों को शानदार गिफ्ट दिए जा रहे हैं। शादी विवाह सीजन को देखते हुए इस खास आयोजन में सूट, शेरवानी, इंडोवेस्टर्न, ब्लेजर, कुर्ता पजामा, अनारकली, धोती, पटियाला, बन्डी का नया कलेक्शन मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, बनारस, सूरत, बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों से मंगाया गया है। महेश चौधरी ने बताया कि वेडिंग और अन्य खास अवसरों के लिए लेटेस्ट कलेक्शन उपलब्ध है और हर छोटी-बड़ी खरीदारी पर शानदार गिफ्ट भी दिए जा रहे हैं। साथ ही महिलाओं, बच्चों और कैजुअल कपड़ों के लिए सभी बड़े नेशनल और इंटरनेशनल ब्रांड्स का स्टॉक भी आ चुका है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए प्योर कॉटन, प्योर लिनेन, बॉम्बे फैब्रिक में ब्लेजर, शूट और शेरवानी बनाए जा रहे हैं, जिन्हें ग्राहक बेहद पसंद कर रहे हैं।

### सिपेट रायपुर के एनएसएस विशेष शिविर का भव्य समापन, समाजसेवा की मिसाल बना धनेली ग्राम



रायपुर। केंद्रीय पेट्रोरसायन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (सिपेट) रायपुर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन शासकीय नवीन प्राथमिक शाला धनेली में हुआ। इस शिविर का उद्देश्य समाजसेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में जागरूकता फैलाना था। शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. आलोक साहू (प्रधान निदेशक, सिपेट रायपुर), विशिष्ट अतिथि लोकेश नवरंगे और पूर्व सरपंच मंटोरा साहू सहित कई गणमान्य व्यक्ति व ग्रामवासी मौजूद रहे। शिविर में प्रत्येक दिन की शुरुआत प्रभात फेरी से होती थी। स्वयंसेवक दल ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' और 'स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल इंडिया' जैसे नारे लगाए। इसके अलावा स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान गांव के प्रमुख स्थलों की सफाई की। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य शिविर, सीपीआर प्रशिक्षण, साइबर सुरक्षा, नशामुक्ति और प्राथमिक उपचार पर कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

### टाटा मोटर्स ने ओम ऑटोव्हील्स को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए किया सम्मानित



रायपुर। टाटा मोटर्स कमर्शियल व्हीकल्स ने ओम ऑटोव्हील्स वित्त वर्ष 2024-25 में बेहतरीन व्यावसायिक प्रदर्शन के लिए विभिन्न श्रेणियों में सम्मानित किया। यह पुरस्कार ओम ऑटोव्हील्स कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट सेवा को मान्यता देने के रूप में प्रदान किया गया। ओम ऑटोव्हील्स चार प्रमुख श्रेणियों में पुरस्कार जीते। यह पुरस्कार टाटा मोटर्स के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रदान किए गए, जिनमें गिरीश वाघ, राजेश कौल, आनंद एस. और ऋषि सूरी शामिल थे। ओम ऑटोव्हील्स के निदेशक पुनीत पारवानी ने यह सम्मान प्राप्त किया।

### एमएमआई नारायणा हेल्थ हॉस्पिटल ने 'किडनी क्विज बैटल 3.0' के साथ किडनी स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाई



रायपुर। एमएमआई नारायणा हेल्थ हॉस्पिटल ने हाल ही में 'किडनी क्विज बैटल 3.0' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य किडनी की सेहत और इससे जुड़ी बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाना था। यह कार्यक्रम डॉ. सुनील धरमानी की देखरेख में आयोजित हुआ, जो किडनी रोगों के क्षेत्र में प्रसिद्ध विशेषज्ञ हैं। इस क्विज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ और ओडिशा के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के छात्रों ने भाग लिया, जिसमें किडनी की सेहत और बीमारियों के बारे में ज्ञानवर्धक चर्चाएं और विचार-विमर्श हुआ। डॉ. सुनील धरमानी ने कहा, कार्यक्रम को मिले जबरदस्त प्रतिसाद से हम बेहद खुश हैं। किडनी की सेहत को लेकर जागरूकता फैलाना बेहद महत्वपूर्ण है, ताकि लोग समय रहते किडनी की बीमारियों का पता लगा सकें और सही तरीके से इलाज करा सकें।

### राजकुमार कॉलेज में प्रतिष्ठित शिक्षाविद डेविड शुसलर का इंफॉर्मेटिव सेशन



रायपुर। राजकुमार कॉलेज के कॅरियर काउंसिलिंग विभाग को वैश्विक उच्च शिक्षा के क्षेत्र में प्रख्यात विशेषज्ञ एवं प्रतिष्ठित शिक्षाविद डेविड शुसलर की मेजबानी का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक मार्गों पर एक रोचक और ज्ञानवर्धक सत्र का संचालन किया, जिसमें छात्रों को वैश्विक उच्च शिक्षा में प्रवेश के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी गई। उनके विस्तृत अनुभव से विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश प्रक्रिया, आवेदन प्रक्रिया, छात्रवृत्तियों के अवसरों और व्यक्तिगत दृष्टिकोण के बारे में गहन जानकारी प्राप्त हुई।

### श्री नारायणा हॉस्पिटल में सेगमेंटल स्पाइनल टेक्नीक से कैंसर का सफल ऑपरेशन



रायपुर। देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल में हाल ही में एक अत्याधुनिक और अनोखी मेडिकल तकनीक का उपयोग करते हुए स्तन कैंसर का सफल ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन सेगमेंटल स्पाइनल एनेस्थीसिया टेकनीक के माध्यम से किया गया, जो अपने आप में एक नई और प्रभावी विधि है। 49 वर्षीय महिला पिछले दो महीनों से अपने बाएं स्तन में दर्द महसूस कर रही थीं। जब उनकी सोनोग्राफी की गई तो बाएं स्तन में एक बड़ी गांठ नजर आई। यह कैंसर का रूप ले चुका था। इसके बाद हॉस्पिटल के जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. शिरिष यदु और एनेस्थीसिया विशेषज्ञ डॉ. अंकित जैन ने मरीज का सफल ऑपरेशन किया। हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने बताया, इस नई तकनीक से ऑपरेशन होने के बाद मरीज ओटी से खुद चलकर वार्ड में शिफ्ट हो गईं। यह तकनीक किडनी, पित्त की थैली, बच्चेदानी, स्तन और अपेंडिक्स के ऑपरेशन के लिए बहुत सुविधाजनक हो गई है और मरीज का हॉस्पिटल में स्टे भी कम हो गया है। हम इस विधि से अब तक 15-20 सफल ऑपरेशन कर चुके हैं।

# पर्यावरण बचाने पहल, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेगी एबीवीपी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद 24 मई से 2 जून तक कृषि विवि में आयोजित होने जा रही है, जिसमें देशभर से 653 प्रतिनिधि भाग लेंगे। बैठक की तैयारियों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए रायपुर में अस्थाई कार्यालय की स्थापना की गई, जिसका उद्घाटन मंगलवार को सिविल लाइन स्थित आंबेडकर मंगल भवन में किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष मंडावी, मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया विशेष रूप से उपस्थित रहे। रायपुर महानगर की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें बैठक से जुड़ी व्यवस्थाओं की रूपरेखा तय हुई।

### नवाचार पर जोर

राष्ट्रीय संगठन आशीष चौहान ने कहा कि इस कार्यकारिणी बैठक को पर्यावरण अनुकूल और नवाचारों से परिपूर्ण बनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने जीरो प्लास्टिक उपयोग पर विशेष बल देते हुए यह सुनिश्चित करने की बात कही कि पूरे कार्यक्रम में प्लास्टिक का उपयोग न हो। इस बैठक में नवीन प्रयोग और विचारों को प्राथमिकता दी जाए, जिससे संगठन के कार्य में नई ऊर्जा का संचार हो। इस दौरान उपस्थित छात्रों से छत्तीसगढ़ की वर्तमान शैक्षणिक स्थिति पर भी चर्चा की और प्रदेश में विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विचार साझा किया। बैठक में प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, व्यवस्था प्रमुख डॉ. अनुज शुक्ला, व्यवस्था सह प्रमुख प्रथम फुटाने सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बढ़ रहे मरीज, सीबीसी मशीन सहित मानव संसाधन बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसे ध्यान में रखते हुए यहां सीबीसी मशीन सहित मानव संसाधन बढ़ाने की जरूरत है। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में जिक्र किया गया है कि सीएचसी स्तर पर लेब टेस्ट की संख्या बढ़ रही है। इसीलिए यहां उपचार से संबंधित तमाम सुविधाएं बढ़ाने की काफी जरूरत है। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के महामंत्री एसपी देवागंन द्वारा स्वास्थ्य सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में सुझाव दिया गया है कि लेब कार्य के अतिरिक्त सामुदायिक स्वा. केन्द्रों में मेडिकल लेब टेक्नोलॉजिस्ट को इनके अधीन समस्त प्राथमिक स्था. केन्द्र से रिपोर्ट का संचालन करना पड़ता है। कार्य की अधिकता को देखते हुए प्रत्येक सामुदायिक स्वा. केन्द्रों में तीन लेब मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट, एक लेब असिस्टेंट व सफाई कर्मचारी उपलब्ध कराया जाए। डायग्नोस्टिक स्कीम के तहत जिला, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पैथोलॉजी लैब टेली रेडियोलॉजी सेवाओं के संचालन के लिए आउटसोर्सिंग की जा रही है। अधिकांश स्थानों पर लैब- एक्सरे की जांच सुविधा है मगर इससे संबंधित उपकरण रीएजेंट उपलब्ध नहीं कराया जाता है। इस व्यवस्था को अगर सुधार किया जाए तो आउटसोर्सिंग की आवश्यकता नहीं होगी। इसके अलावा उनके द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों में भेजे जाने वाले उपकरण तथा टेस्ट संबंधित वस्तुओं को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जाने की काफी जरूरत है।

# भक्ति गीतों के मध्य परोस रहे शराब पुलिस पर संरक्षण देने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंबई

यूथ कांग्रेस ने देर रात तक क्लब में नियम विरुद्ध परोसी जा रही शराब सहित अन्य नशीली सामग्री को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शहर के हाईप्रोफाइल क्लबों की आड़ में चल रहे देह व्यापार व नशे के खिलाफ युवा कांग्रेस ने एसएसपी को ज्ञापन सौंपा है। यूथ कांग्रेस का आरोप है कि तेलीबांधा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले हाई-फाई क्लब सहित अन्य क्लब में देह व्यापार संग नशे का कारोबार भी चल रहा है। इससे संबंधित वीडियो भी यूथ कांग्रेस सदस्यों ने पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। यूथ कांग्रेस सदस्यों ने पुलिस की भी मिलीभगत का आरोप लगाया है। उनका कहना है, शासन द्वारा क्लब के लिए समय-सीमा रात्रि 12 बजे तय की गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 9 अप्रैल 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937


02
पंचग्रही योग में मनेगी हनुमान जयंती....

## लाइव इवेंट

## कॉलेज के यादगार दिनों को किया याद फैशन शो और डांस के साथ संजोए लम्हे



**रायपुर**। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज में कंप्यूटर, साइंस तथा आईडी विभाग संकाय के छात्र-छात्राओं ने अपने सीनियर साथियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह की थीम अलोहा रॉयल एलेगेंस थी, जिसमें उत्साह, भावुकता और खुशी का अनुभव देखने को मिला। अलोहा यानी नमस्ते या अलविदा थीम के तहत जूनियर छात्रों ने पांरपरिक तरीके से सभी सीनियर को विदाई दी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एमएस मिश्रा ने स्वागत भाषण में छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और जीवन में सकारात्मक सोच के महत्व पर बल दिया। वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्वेता तिवारी ने भी छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दीं।

### पारंपरिक रूप से किया स्वागत

सभी सीनियर का ढोल-बाजे के साथ तिलक लगाकर और फूल देकर पारंपरिक रूप में स्वागत किया गया। जूनियर छात्रों ने बॉलीवुड के नए और पुराने गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। सीनियर के कॉलेज में बिताए गए पलों को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया, जिसमें उनकी दोस्ती, पढ़ाई और अन्य यादगार लम्हों को दर्शाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फैशन शो और थीम से आधारित प्रस्तुति रही। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में सीनियर छात्रों ने अपने यादगार लम्हों और कॉलेज जीवन की कहानियों को साझा किया। मिस्टर फेयरवेल नितेश चतुर्वेदी, मिस फेयरवेल वंशिका, मिस्टर ईव साहूल प्रजापति, मिस ईव सौम्या रहीं।

### दिशा कॉलेज में विदाई समारोह पर डांस और गेम्स, स्टूडेंट्स ने कॉलेज के अंतिम दिन को बनाया यादगार

# फिल्मी गीतों पर घाघरा पहनकर झूमे स्टूडेंट्स नॉनस्टॉप फ्री-स्टाइल डांस ने मचाई धूम

कॉलेज के अंतिम दिन को यादगार बनाने दिशा कॉलेज के जूनियर्स ने सीनियर्स स्टूडेंट्स के लिए मंगलवार को प्रतिष्ठा मैरिज पैलेस जोरा में विदाई समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर सीनियर स्टूडेंट्स ने डांस और मनोरंजक गेम्स के माध्यम से कॉलेज के दिनों को याद किया। सभी स्टूडेंट्स ने कॉलेज के दोस्तों के साथ बिताए गए समय को याद करते हुए आनंद लिया, वहीं टीचर्स ने भी उन्हें भविष्य में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक गुरुमंत्र दिए। समारोह सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक चला, जिसमें स्टूडेंट्स ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया।



**रायपुर**। आज की रात.., सुबह होने न दे.., और सूरज डूबा है यारों., जैसे पॉपुलर गानों पर स्टूडेंट्स ने जमकर डांस किया। इस बीच जूनियर स्टूडेंट्स ने भी अपने ग्रुप डांस से कार्यक्रम में रंग जमाया, जिसमें पंजाबी, छत्तीसगढ़ी, गुजराती और अन्य क्षेत्रीय गीतों पर फ्री-स्टाइल डांस की झलक दिखाई दी। छात्राओं की डांस प्रस्तुति ने भी सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। विदाई समारोह ने सभी के लिए कॉलेज के यादगार पलों को संजोने का मौका प्रदान किया, जिसमें दोस्ती, उत्साह और आनंद के हर लम्हे को एंजॉय किया गया।




विदाई समारोह यादें 2025

### टीसर्च ने कहा- खुशियों के साथ आगे बढ़ें

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रविवि के डीन प्रोफेसर राजीव चौधरी रहे। उन्होंने भीड़ से हटकर कार्य करने पर जोर दिया। छात्रों को अपनी स्किल बढ़ाने की सलाह दी। दिशा कॉलेज प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने सकरात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान डायरेक्टर ऑफ दिशा एजुकेशन सोसाइटी के डॉ. अंशु शुक्ला व विभिन्न विभाग के विभाग अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### छात्राओं ने भी डांस और गाने से जीता दिल

समारोह में छात्राओं ने शानदार डांस और गाने की प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। एंकर ने फिल्मी गानों का पजल खेला, जिसमें गाने का नाम बताने और गाने का चुनौती दी। इस खेल में ज्यादातर लड़कियों ने सही जवाब दिया और अपने अभिनय से गाना गाकर सबको हैरान किया। इसके बाद मंच पर "आज की रात.." फिल्मी गाने पर जमकर डांस किया और पूरा माहौल जोश से भर दिया। इस दौरान हर गेम में स्टूडेंट्स को चॉकलेट और अन्य पुरस्कार दिए गए, जिससे उनकी खुशी दोगुनी हो गई।



### भव्या बनीं मिस दिशा

बीबीए छात्रा भव्या बेन पटेल को मिस दिशा का टाइटल दिया गया, वहीं बीएड से अनीशा तिवारी, बीकॉम से लिपाक्षी मणिपुरी, मिस्टर दिशा का टाइटल बीबीए के छात्र मो. अहमद तवानी को दिया गया। इसके अलावा बीएड से छत्रपाल साहू, बीकॉम से श्रेयस पांडे को मिला। मिस ईव के लिए बीबीए से सलोनी पटेल, मिस्टर ईव का टाइटल मौलिक जैन को दिया गया।



### जब लड़कों ने पहना घाघरा..

कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए कुछ खास और मजेदार खेल भी आयोजित किए गए। इस दौरान एंकर ने स्टूडेंट्स को मंच पर बुलाया और कुछ को ग्रीन रूम में भेजा। बाद में एंकर ने घोषणा की कि मुंबई से एक डांस टीम को बुलाया गया है और सभी को उनके साथ डांस करना होगा, मगर जब ग्रीन रूम से स्टूडेंट्स घाघरा पहनकर मंच पर पहुंचे तो सभी की हंसी छूट गई। यह मजेदार दृश्य सभी के लिए एक यादगार पल बन गया। लड़कों ने घाघरा पहनकर दोस्तों के साथ डांस किया। इस दौरान दोस्तों के साथ फोटो भी खिंचवाई। फिल्मी गीतों पर जमकर डांस किया और इस दौरान एंकर ने भी सभी का मनोरंजन किया। मस्ती और हंसी के साथ अपने कॉलेज के अंतिम दिन को यादगार बना दिया।

## एजुकेशन अपडेट

## रेलयात्रा वृत्तांत पर मिलेंगे 10 हजार, 31 जुलाई तक भेज सकते हैं अपनी कहानी



**रायपुर**। भारतीय रेलवे आपके सफर की अनकही कहानियों को मंच देने जा रहा है। यदि आपके पास रेलयात्रा का कोई यादगार अनुभव है, जिसे शब्दों में पिरोकर दुनिया के साथ साझा करना चाहते हैं तो रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना 2025 आपके लिए सुनहरा अवसर है। इस प्रतियोगिता में भाग लें और आकर्षक नकद पुरस्कार जीतें। रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंदी में मौलिक और रोचक यात्रा वृत्तांत लिखने वाले प्रतिभागियों को 10 हजार रुपए प्रथम पुरस्कार, 8000 रुपए द्वितीय पुरस्कार, 6000 तृतीय पुरस्कार और पांच प्रेरणा पुरस्कार प्रत्येक को 4000 रुपए दिए जाएंगे। आपकी कहानी 3000 से 3500 शब्दों के बीच होनी चाहिए, जिसे डबल स्पेस में टाइप किया गया हो और प्रत्येक पृष्ठ पर क्रम संख्या अंकित हो। कुल शब्दों की संख्या भी स्पष्ट रूप से लिखी जानी चाहिए। साथ ही अपने वृत्तांत के साथ एक अलग पृष्ठ पर अपना नाम, पदनाम, आयु, पता, मातृभाषा, मोबाइल नंबर और ई-मेल जरूर भेजें।

### रेलयात्रा के जादू को जीवंत करें

यदि आप सरकारी सेवा में हैं तो आपको प्रमाणित करना होगा कि आपके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है। अन्य प्रतिभागियों को यह पुष्टि करनी होगी कि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला विचाराधीन नहीं है। साथ ही सभी प्रतिभागियों को यह घोषणा करनी होगी कि उनकी रचना मौलिक है और इसे पहले किसी अन्य प्रतियोगिता में पुरस्कृत नहीं किया गया है। अपने शब्दों से अपनी रेलयात्रा के जादू को जीवंत करें और अपने लेखन के से दें उसे नया आकार। अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31 जुलाई 2025 तक दिए गए पते पर भेजें : सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नंबर-316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली - 11000।

### अग्निवीर भर्ती' आवेदन की अंतिम तिथि 10 अप्रैल

सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीरों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है, जो भारतीय सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमैन (8वीं एवं 10वीं कक्षा उत्तीर्ण) महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरु, नर्सिंग सहयोगी और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी की गई है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 12 मार्च से 10 अप्रैल तक खुली रहेगी। अग्निवीर क्लर्क के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) के समय टाइपिंग टेस्ट भी देना होगा। ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) जून 2025 के बाद होने की संभावना है। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी और समस्या के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर 0771-2965212 या 0771-2965214 पर संपर्क एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बलरामपुर के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते हैं।

## जंगल सफारी की केयर यूनिट में नवजात शावकों की होगी देखभाल

**रायपुर**। जंगल सफारी वन्यजीवों और नवजात शावकों की समुचित देखभाल और उपचार के लिए मंत्री केदार कश्यप ने नियोनेटल केयर यूनिट का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र आधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं से युक्त है, जो वन्यजीवों के स्वास्थ्य और संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके अलावा पर्यटकों को अनुभव देने नए सोविनियर शॉप का उद्घाटन भी किया गया। जहां छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति और वन्यजीवन से जुड़े उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे। सभी उत्पाद पर्यावरण अनुकूल सामग्री से बनाए गए हैं, जिनसे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। इस सोविनियर शॉप में छत्तीसगढ़ की विभिन्न संस्थाओं और स्वसहायता समूहों के साथ मिलकर विभिन्न प्रोडक्ट रखे गए हैं। होटल मैनेजमेंट संस्थान के साथ मिलकर उद्यमिता विकास कार्यक्रम अंतर्गत फूड कोर्ट का उद्घाटन किया गया।



### समर कैंप का पोस्टर लॉन्च

*बच्चों और विद्यार्थियों को प्रकृति, विरासत और संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जंगल सफारी में ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जाएगा। वन मंत्री केदार कश्यप ने इसके पोस्टर का विमोचन किया। 20 अप्रैल से शुरू होने वाले इस शिविर में प्रतिभागियों को प्रकृति के साथ जुड़ाव, पर्यावरणीय शिक्षा और संरक्षण के महत्व को समझाया जाएगा। वन मंत्री ने विभाग द्वारा अब तक किए गए संरक्षण एवं विकास कार्यों की जानकारी ली और जंगल सफारी के उत्कृष्ट प्रबंधन तथा संरक्षण प्रयासों की सराहना की।*



## कूटनीति व विश्व के ज्वलंत मुद्दों से जुड़े स्टूडेंट्स भाषण और लेखन कौशल के लिए दी ट्रेनिंग

**रायपुर**। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन एमयूएन 4.0 के चौथे संस्करण का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में कूटनीति, बहस और नीति निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एमयूएन में छात्रों ने संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों के रूप में भूमिका निभाई, इसमें कूटनीति, अंतर्राष्ट्रीय संबंध, वर्तमान विश्व मुद्दों और संयुक्त राष्ट्र संबंधित जानकारी व्याख्यान के रूप में दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को भाषण व लेखन कौशल के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम संचालित किया गया।

### वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर दिया जोर

*सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में संकाय सदस्य, आयोजन समिति और प्रतिभागी विद्यार्थी शामिल हुए। इस मौके पर वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान संकट समिति, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, संयुक्त राष्ट्र महासभा-निरस्त्रीकरण और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समिति, संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बच्चों के आपातकालीन कोष, अखिल भारतीय राजनीतिक पार्टी, अंतर्राष्ट्रीय प्रेस और क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ विधानसभा कमेटी द्वारा सम्मेलन में रचनात्मक व्याख्यान प्रस्तुति की गई, जिसमें विद्यार्थियों को विभाग संबंधित विभिन्न जानकारी दी गई।*

### गर्मी की छुट्टियों में बच्चों की एक्टिविटी और कौशल विकास के लिए लगाई जाएगी क्लास

# स्कूलों में समर कैंप, दो महीने में बच्चों को व्यावहारिक संस्कार, खेलकूद, कला और संगीत की मिलेगी शिक्षा

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर**। बोर्ड परीक्षाओं के साथ अब समान्य कक्षाओं की परीक्षा भी शुरू हो गई है, जिसके बाद स्कूल में समर कैंप संचालित किया जाएगा। गर्मी के छुट्टियों में बच्चों की एक्टिविटी बढ़ाने और कौशल विकास के उद्देश्य से समर कैंप का आयोजन किया जाना है, शहर में संचालित अनेक विद्यालयों में अप्रैल माह में गणित, अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान,सेल्प डिफेंस, कला, संगीत जैसे अनेक कक्षाएं संचालित की जानी हैं, जिसमें छोटी से बड़ी कक्षा तक के छात्रों को साथ पढ़ने का मौका मिलेगा।

बच्चे गर्मी की छुट्टियों में अपने बेहतर परफॉर्मेंस के लिए स्कूल में ही पढ़ने पहुंच रहे। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के साथ-साथ माता-पिता को भी शिक्षित करने का काम विद्यालय द्वारा किया जा रहा है, जिसमें विषय, मानसिक एवं व्यावहारिक समझ स्थापित करने के लिए परिजनों के क्लास ली जा रही है। इस पहल से माता-पिता को बच्चों को समझने का मौका मिलेगा, जिससे वह बच्चों के सही-गलत और मानसिकता के अनुसार उत्तम परवरिश दे सकेंगे।



### समर कैंप में पांचवी-आठवीं कक्षा के छात्रों की तैयारी

एबीसीएल एजूकेशन अकादमी के शिक्षक प्रियव्रत राजपूत ने बताया कि समर कैंप में अंग्रेजी, हिंदी, गणित, विज्ञान की कक्षाएं संचालित की जाएंगी, जिसमें मुख्य रूप से पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा के छात्रों में बेहतर समझ स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा।



### बच्चों के बेहतर परवरिश में माता-पिता की भूमिका

अभिभावक स्कूल की डायरेक्टर अनिता शाह ने बताया कि माह में पांच दिन परिजनों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जाता है, जिसमें बच्चों के पढ़ाई, कौशल विकास, मानसिक स्वास्थ और उत्तम व्यवहार के टिप्स दिए जाते हैं। कार्यशाला में परिजनों को बच्चों को मानसिकता के अनुकूल समझाया जाता है, ताकि बच्चों को समझना सरल हो सके। डायरेक्टर ने बताया कि बच्चों की बेहतर परवरिश में माता-पिता की भूमिका होती है, बच्चों में संस्कार परिवार के सदस्यों से ही आते हैं।

### इंग्लिश रीडिंग-स्पोकन की कक्षाएं

छत्रपति शिवाजी स्कूल में इंग्लिश रीडिंग और स्पोकन इंग्लिश की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं, जो निरंतर 2-3 माह जारी रहेंगी। अप्रैल माह में कराते और डांस की कक्षाएं शुरू होने वाली हैं।

### समर में रिसर्च बेस्ड प्रोजेक्ट

एनएच गोयल स्कूल के शिक्षक एमएन सिंग ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में बच्चों को रिसर्च बेस्ड प्रोजेक्ट दिया जाएगा, इसमें सामाजिक समस्या जैसे जल की समस्या, विद्युत, पशुओं तक दाना-पानी कैसे पहुंचाया जा सकता है? इस प्रकार सभी छात्रों को अनेक विषयों में प्रोजेक्ट दिया जाएगा।

### बच्चे सीखेंगे मिट्टी के बर्तन बनाना

सरोना स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल की प्रचार्य अर्चना मिश्रा ने बताया कि अप्रैल माह में एआई संबंधित कक्षाएं संचालित की जाएंगी। साथ ही छोटे बच्चों को फायरलेस कुकिंग और मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाया जाएगा। किंडर गार्डन स्कूल की प्रिंसिपल रिचा शर्मा ने बताया कि बच्चों के लिए डांस और आर्ट-क्रॉफ्ट की क्लास शुरू होने जा रही है।

सिटी लाइव

## आयुर्वेद में कैंसर, किडनी, न्यूरो के असाध्य रोगों का इलाज संभव



**रायपुर।** आयुर्वेद के जरिए कैंसर, किडनी, गालब्लेडर, न्यूरो जैसी असाध्य बीमारियों का उपचार संभव है। आयुर्वेद रिसर्च में यह बात सामने आई है कि इस तरह के बीमारियों से पीड़ित बिना सर्जरी के ठीक हो रहे हैं। विश्व आयुर्वेद परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में विश्व स्वास्थ्य दिवस एवं रामनवमी के अवसर पर पुराना राजेंद्र नगर के कालीबाड़ी त्रिलोकी मां मंदिर में निशुल्क आयुर्वेद शिविर आयोजित किया गया। शिविर में गठिया, घुटना जॉइंट पैन, वातरोग, एसिडिटी, अस्थमा, हृदयरोग एवं दुर्बलता-कमजोरी जैसी समस्या लेकर 66 मरीज पहुंचे। मौजूद चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत उन्हें आवश्यक औषधियां उपलब्ध कराईं। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शासकीय आयुर्वेद चिकित्सालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण कुमार जोशी के नेतृत्व में किया गया, जहां डॉ. अजय कुलश्रेष्ठ,, डॉ. पतंजलि दीवान, डॉ. नरेंद्र मिश्रा, डॉ. आराधना कंडे, डॉ. लवकेश चंद्रवंशी, डॉ. अखिल अग्रवाल, डॉ. मनोहर लहेजा, डॉ. विवेक द्विवेदी ने परीक्षण कर विशिष्ट चिकित्सा के निर्देश दिए।

### जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता

स्वास्थ्य शिविर की शुरुआत धन्वंतरी पूजन के साथ की गई। इस दौरान शहीद पंकज विक्रम वार्ड पार्षद स्वप्निल मिश्रा ने उपस्थित होकर जन-जन तक आयुर्वेद का सरल इलाज पहुंचाने की आवश्यकता बताई। इस दौरान एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, अरविंद दीक्षित वार्ड पार्षद, जोन क्र.10 के अध्यक्ष सचिन मेघानी, विश्व आयुर्वेद परिषद के प्रांताध्यक्ष डॉ. मनोहर लहेजा भी मौजूद थे।

शहर के हनुमान मंदिरों में शुरू हुई तैयारी, दिनभर होंगे धार्मिक अनुष्ठान

# पंचग्रही योग में मनेगी हनुमान जयंती, मंदिरों में अखंड रामायण पाठ, भक्तों के लिए भंडारा भी

**हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर देशभर के मंदिरों में विशेष आयोजन किया जा रहा है। इन दिनों मंदिरों में साफ-सफाई और रंगरोगन कार्य जारी है। 12 अप्रैल को हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में शहर के ऐतिहासिक व प्रसिद्ध श्री हनुमान मंदिर में सुबह से देर रात तक अनेक पूजन कार्य संपन्न होंगे। खास अवसर पर मंदिरों से शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकाली जाएगी, साथ ही 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।**



### 21 किलो पंचामृत से अभिषेक

पुरानी बस्ती स्थित बावली वाले संकटमोचन हनुमान मंदिर में 21 किलो पंचामृत से अभिषेक किया जाएगा। पं. मोहन पाठक ने बताया कि तड़के 4 बजे से रात 12 बजे तक मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतार श्री हनुमान के दर्शन के लिए मौजूद रहेगी। सुबह 5 बजे अभिषेक, सुबह 6 बजे श्रृंगार आरती, 10.30 बजे पंचामृत अभिषेक और भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा।

**रायपुर।** सुबह श्रृंगार आरती के बाद दोपहर में जन्मोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इस दिन हजारों भक्त श्रीराम के प्रिय हनुमानजी की भक्ति में लीन रहेंगे। हनुमान जयंती पर मीन राशि में बुध, शुक्र, शनि, राहु और सूर्य होने से पंचग्रही योग बन रहा है। इस दिन मीन राशि में बुधादित्य, शुक्रादित्य, लक्ष्मीनारायण और मालव्य राजयोग का भी निर्माण हो रहा है। इस वर्ष शनिवार को हनुमान जयंती होने से मीन राशि के लोगों पर श्री हनुमान की विशेष कृपा बनी रहेगी।



### जन्मोत्सव में 8-10 हजार लोगों के लिए प्रसादी

रेलवे स्टेशन स्थित संकटमोचन मंदिर में 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, जहां दोपहर 12 बजे महाआरती की जाएगी। आरती के बाद देर रात तक भक्तों में प्रसाद वितरित किया जाएगा। इस मौके पर 8-10 हजार श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की तैयारी की जाएगी। हनुमान जयंती के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचते हैं, जन्मोत्सव से पहले मंदिर में रंगरोगन कार्य शुरू हो गया है। इस मौके पर प्रदेश शासन के मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, महापौर, सभापति की उपस्थिति रहेगी।

### सुबह 4 बजे अभिषेक

बुढ़ेश्वर चौक स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने बताया कि हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सुबह 4 बजे अभिषेक और सुबह 5 बजे जन्मोत्सव आरती की जाएगी। इस अवसर पर दोपहर में श्रृंगार आरती और बूंदी का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। इस मौके पर जन्मोत्सव से पहले सुंदरकांड और अखंड रामायण का भी आयोजन किया गया है।

### शुभ मुहूर्त

पूजा का शुभ मुहूर्तः 12 अप्रैल को सुबह 7.34 से 9.12 तक और शाम 6.46 से 8.08 तक
अभिजीत मुहूर्तः सुबह 11.53 से दोपहर 12.46 तक



### जन्मोत्सव में 5-6 हजार श्रद्धालुओं के लिए भंडारा

मच्छी तालाब स्थित हनुमान मंदिर के पं. दीनानाथ शर्मा ने बताया कि जयंती के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में अनेक आयोजन होंगे। 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे से अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। इस मौके पर मंदिर परिसर से सुबह 7 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गुढ़ियारी के सभी चौक तक जाएगी। इस दौरान 21 किलो दूध से अभिषेक और सिंदूर लेपन भी किया जाएगा। जन्मोत्सव के अवसर पर 5-6 हजार श्रद्धालुओं के लिए भंडारा प्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।



### कोलकाता के भजन गायक देंगे प्रस्तुति

सालासार बालाजी मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन किया जा रहा है। जयंती अवसर पर रात्रि 7 बजे कोलकाता के भजन गायक जयशंकर चौधरी की विशेष प्रस्तुति आयोजित है। इस मौके पर सुबह 10 बजे दुग्धाभिषेक, सुबह 11 बजे श्रीकांत शर्मा और मनोज शर्मा द्वारा भजन प्रस्तुति, दोपहर 3.30 बजे सुंदरकांड और रात 8 बजे सीता रसोई का आयोजन किया गया है।

सिटी इवेंट

## कला के क्षेत्र में बच्चों को बढ़ावा देने इंटरनेशनल कलरिंग कम्पिटिशन





**रायपुर।** रंगोत्सव संस्था की ओर से आयोजित इंटरनेशनल कलरिंग काम्पिटिशन में संत ज्ञानेश्वर स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी मारी, इसमें राघवेंद्र मिश्रा, टीना साहू व तनिष्का साहू ने अपनी खूबसूरत पेंटिंग के आधार पर मेडल जीता। प्राइमरी, प्री-प्राइमरी के प्रतिभागी बच्चों का कलरिंग काम्पिटिशन में प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। कला के क्षेत्र में बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को सामने लाने और उसे प्रोत्साहित करने के लिए रंगोत्सव संस्था ने इंटरनेशनल कलरिंग काम्पिटिशन का आयोजन महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में ही किया। इसमें विद्यालय के प्री-प्राइमरी, प्राइमरी और मिडिल के बच्चों ने विद्यालय की कला शिक्षिका सुदेवी विश्वास के निर्देशन में भाग लेकर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### संत ज्ञानेश्वर स्कूल के छात्र सम्मानित

कक्षा दूसरी के छात्र प्रियल थावकर, पांचवी की छात्रा संजना गुप्ता, डी. अंजलि राव, दीपक राव व कक्षा चौथी की छात्रा लावण्या गिरीभट्ट को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्री-प्राइमरी की अभिज्ञा शुक्ला को रंगों की समझ के अनुसार पेंटिंग में प्रभावशाली रंग भरने के कारण सम्मानित किया गया। आयोजक रंगोत्सव संस्था की ओर से संत ज्ञानेश्वर विद्यालय की शिक्षिका अपर्णा आठले को बेहतर निर्देशन के लिए सम्मानित किया गया। शिक्षिका सुदेवी विश्वास को मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों व कला शिक्षिका के स्पर्धा में शामिल होने के लिए किए गए प्रयास की सराहना की।

## एकादशी पर राधाकृष्ण का मनमोहक श्रृंगार ....





**रायपुर।** एकादशी के विशेष अवसर पर टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर में राधारानी-श्रीकृष्ण का विशेष श्रृंगार किया गया। इस मौके पर मंदिर में कथा व्याख्यान का भी आयोजन किया गया। मंदिर के सदस्य ने बताया कि एकादशी के विशेष अवसर पर प्रतिमाओं को लगभग 1 लाख कीमत की पोशाक धारण कराई गई, जिसे जुहू के कारीगरों द्वारा एक माह से अधिक समय में तैयार किया गया है। सुबह श्रृंगार आरती के बाद श्रद्धालु कथा में शामिल हुए। खास मौके पर स्वर्ण-चांदी के आभूषणों से श्रृंगार किया गया, साथ ही उन्हें चंदन का लेप भी लगाया गया।

## उभरते सिंगर्स को मंच देने अनूठी पहल फनकारों ने गायकी से श्रोताओं का जीता दिल

**रायपुर।** उभरते सिंगर्स को तराशने और मंच पर किस तरह से गीतों को पेश करना चाहिए, यह बताने का दायित्व डॉ. बाबा साहब आंबेडकर सार्वजनिक जयंती समारोह ने अनूठी पहल की। प्रतिभागियों का मंच पर ऑडिशन लेने के बाद कई दौर में अच्छी प्रस्तुति देखने के बाद टॉप 10 का चयन किया। इसमें एक से बढ़कर एक बच्चों और युवाओं ने अपनी गायकी से निर्णायकों और श्रोताओं के बीच जगह बनाई। इस कड़ी में गत दिनों प्रेस क्लब भवन में सिंगिंग आइडल 2025 का आयोजन किया गया। इसमें टॉप 10 सिंगर्स ने अपनी आवाज का जादू बिखेरते हुए जीत दर्ज किया। वहीं इनकी हर प्रस्तुति पर पैनी नजर रखने के लिए निर्णायक के रूप में जितेंद्र भिवंडे, रजत दत्ता, संजय सिंह मौजूद थे।




### सदाबहार गीतों से जमाया रंग

इस सिंगिंग आइडल में कोंडागांव की शिवानी सेनानी विजेता रही। द्वितीय स्थान भिलाई के रौनक बंसोड़ ने प्राप्त किया। शाम 6 बजे से शुरू हुए सिंगिंग आइडल में तीसरे स्थान पर निमित्त मटियारा, चतुर्थ स्थान दिव्या ठाकुर, पांचवा स्थान प्रतीक्षा वैद्य को मिला। इनको 11000, 8000, 6000, 4000, 2000 रुपए के साथ ही ट्रॉफी और प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया। आयोजन समिति के अध्यक्ष नरेश गड़पाल ने बताया कि निमित्त मटियारा ने लगन लगन तुमसे मेरी लगन लगी..., प्रतीक्षा वैद्य ने इक राधा इक मीरा, दोनों ने श्याम को चाहा.., गीत पेश करते हुए लोगों को भावविभोर किया।

### सिंगर्स और समाज से मिला रिस्पांस

इस क्रम में शिवानी ने सोलह बरस की बाली उमर को सलाम..., दिव्या ठाकुर ने एक नजर गजल.. पेश की। भरत हरपाल ने अब तो आदत सी है मुझको..., गाते हुए लोगों से वाहवाही लूटी। गीत-संगीत के इस आयोजन को लेकर समाज का अच्छा रिस्पांस मिला। इसमें लोग बतौर श्रोता आयोजन को सफल बनाने के लिए हर ऑडिशन में पहुंचे। संगीत प्रेमियों के बीच उभरते फनकारों ने भी जीतने के लिए सुर-ताल को साधने का प्रयास किया।

## आज दादाबाड़ी में 21 लाख नवकार महामंत्र का होगा जाप, मिलेगी आध्यात्मिक ऊर्जा

**रायपुर।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के क्रम में एमजी रोड स्थित जैन दादाबाड़ी में मंगलवार को रात्रिकालीन कार्यक्रम में 'महावीर की वाणी पिंटू स्वामी की जुबानी' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में भजन गायक परम गुरुभक्त पिंटू स्वामी (सिद्धार्थ डागा) ने अपनी संगीतमयी प्रस्तुति दी। पिंटू स्वामी देशभर में काफी प्रसिद्ध हैं और उनको सुनने दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं। मंगलवार को दादाबाड़ी में भी प्रदेशभर से लोग उन्हें सुनने पहुंचे, जहां अपने मधुर गीत-संगीत से उन्होंने सबको सराबोर कर दिया। उन्होंने मेरे वीर को मैं पालना झुलाऊंगा, महावीर की वाणी को घर-घर पहुंचाना है, क्या रिश्ता है तेरा-मेरा जैसे सुप्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे दादाबाड़ी प्रांगण में मौजूद लोग झूम उठे।



### वीर जन्मोत्सव के संग मेहंदी के रंग

निरवाना ग्रुप की ओर से 9 अप्रैल को दोपहर 2 से 5 बजे तक दादाबाड़ी में वीर जन्मोत्सव के रंग मेहंदी के संग का आयोजन किया जा रहा है। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति की ओर से 9 अप्रैल को रात 8.08 बजे वर्धमान से महावीर एक यात्रा... का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्री आदिनाथ दिगंबर जैन महिला मंडल मालवीय रोड की प्रस्तुति होगी। वहीं शीतल बहुमंडल देवेंद्र नगर की ओर से 9 अप्रैल बुधवार को रात 9.46 बजे महावीर के श्रावक श्रमणोपासक की प्रस्तुति जैन दादाबाड़ी में दी जाएगी।

### एक साथ नवकार महामंत्र का जाप करेंगे

आज विश्व नवकार महामंत्र दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एक विशेष भव्य आयोजन किया गया है। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है, बल्कि मानवता के कल्याण और विश्व शांति की दिशा में एक सार्थक पहल भी है। चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया ने बताया कि नवकार महामंत्र केवल जैन धर्म के अनुयायियों के लिए नहीं, बल्कि यह समस्त मानवता के कल्याण का मार्गदर्शक मंत्र है। यह दिव्य मंत्र शांति, सकारात्मकता और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत है, जो जीवन को संतुलित और समृद्ध बनाने की शक्ति रखता है। इस अवसर पर विश्वभर में लोग एक साथ नवकार महामंत्र का जाप करेंगे और संपूर्ण जगत की शांति एवं समृद्धि की कामना करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन जैन दादाबाड़ी एमजी रोड रायपुर में किया जाएगा। कार्यक्रम का समय प्रातः 7.02 से 9.36 बजे तक निर्धारित है।



## सिटी स्पोर्ट्स

### ब्रम्हविद विद्यालय ने 173 रनों से जीता मैच



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में रायपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा मेंस अंडर 16 इंटर स्कूल क्रिकेट टुर्नामेंट - 2025 का आयोजन 05 अप्रैल से 15 अप्रैल तक जारी है। चौथे दिन मंगलवार को प्रतियोगिता का चौथा मैच ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल तथा हॉलीक्रास स्कूल, बैरन बाजार के मध्य आर.डी.सी.ए. मैदान, रायपुर में खेला गया। ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 25 ओवरों में 7 विकेट खोकर 239 रनो का विशाल स्कोर बनाया। ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल की ओर से अभिनव गर्ग ने सर्वाधिक 102 रन तथा आर्यांश दुबे ने 44 रनों का योगदान दिया। वहीं हॉलीक्रास स्कूल, बैरन बाजार की ओर से देव सोनी ने 2 विकेट प्राप्त किये। 240 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हॉलीक्रास स्कूल, बैरन बाजार 18 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 66 रन ही बना सकी। हॉलीक्रास स्कूल, बैरन बाजार की ओर से एडविन एक्का ने 22 रनों की पारी खेली। ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल की ओर से रिधान साहु, आर्यांष दुबे, सात्विक मित्तल तथा आनंद वर्मा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। ब्रम्हविद् ग्लोबल स्कूल ने मैच 173 रनों से जीत लिया। अभिनव गर्ग प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किये गये। 09 अप्रैल बुधवार को कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल विरुद्ध ब्राइटन इंटरनेशनल स्कूल के मध्य मैच खेला जायेगा।

### एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट में रायपुर की दोनों टीम ने की मज़बूत शुरुआत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट का आयोजन 09 मार्च से जारी है। प्रतियोगिता के सेमी फायनल मुकाबले 7 अप्रैल से शुरू हुए हैं।



संजीत देसाई 82 रन

**बिलासपुर बनाम रायपुर ब्लू के विरुद्ध बिलासपुर आगे :** प्रतियोगिता का पहला सेमी फायनल चार दिवसीय मैच बिलासपुर एवं रायपुर ब्लू के मध्य सिविक सेंटर मैदान, भिलाई में खेला गया। रायपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 63.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 184 रन ही बनाये। बिलासपुर की ओर से मो. इरफान ने सर्वाधिक 85 रन बनाये साथ ही अभिशेक सोहगौरा ने 38 रनों का योगदान दिया। वहीं रायपुर ब्लू की ओर से वरुण सिंह भुई ने 5 विकेट तथा पवनदीप सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 58.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाये है। रायपुर ब्लू की ओर से अवनीष सिंह धालीवाल ने 45 रन तथा ऋशी षर्मा ने 43 रन बनाये। बिलासपुर की ओर से मयंक यादव ने 6 विकेट तथा मोहित राउत ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर ने अपनी दूसरी पारी में 35 ओवरों में 6 विकेट खोकर 114 रन बना लिये हैं। बिलासपुर के लिये अभिशेख सोहगौरा ने सर्वाधिक 39 रन बनायें। रायपुर ब्लू की ओर से पवनदीप सिंह ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक बिलासपुर 109 रनों से आगे है।

**रायपुर के विरुद्ध भिलाई पीछे :** प्रतियोगिता का दूसरा चार दिवसीय सेमी फायनल मैच भिलाई एवं रायपुर के मध्य राजनांदगांव में खेला गया। रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 87.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 340 रन बनाये। रायपुर की ओर से ऋषभ तिवारी ने 79 रन बनाये साथ ही प्रतिक यादव ने 66 रनों का योगदान दिया। वहीं भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने 3 विकेट तथा दिवाकर ताम्रकार ने 3 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी पहली पारी में 79 ओवरों में 4 विकेट खोकर 311 रन बना लिये है। भिलाई की ओर से संजित देसाई ने नाबाद 82 रन तथा हर्ष शर्मा ने नाबाद 78 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से सुमित रुईकर ने 2 विकेट प्राप्त किये। दूसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई 29 रनों से पीछे है।

### राज्य स्तरीय कूड़ो चैंपियनशिप में महासमुंद को 02 स्वर्ण सहित 07 पदक



**भिलाई।** तीसरी छत्तीसगढ़ स्टेट कूड़ो चैंपियनशिप का आयोजन कूड़ो एसोसिएशन छत्तीसगढ़ द्वारा स्वामी विवेकानंद सभागृह दुर्ग में 4 से 6 अप्रैल तक आयोजित किया गया। जिला कूड़ो एसोसिएशन के अध्यक्ष मीरा पंडा ने बताया कि जिले के 8 खिलाड़ी इस स्पर्धा में शामिल हुए।

### 25-40 की आयु वाले ज्यादातर लोग हड्डियों की कमजोरी के शिकार

# महामारी के बाद नौजवानों की हड्डियां कमजोर हो रही, वर्क फ्रॉम होम सहित कई वजहें जिम्मेदार

एक-दो दशक पहले तक हड्डियों की समस्या को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली दिक्कतों के तौर पर जाना जाता था, हालांकि अब कम उम्र के लोगों में ये काफी तेजी से बढ़ती दिक्कत बन गई है। डॉक्टर्स बताते हैं, 25-40 की आयु वाले अधिकतर युवा हड्डियों की समस्या, आर्थराइटिस, बोन डेंसिटी में कमी के शिकार पाए जा रहे हैं, जो न सिर्फ उनके लिए गंभीर दिक्कतों को बढ़ाने वाली हो सकती है साथ ही दीर्घकालिक तौर पर भी इसका जोखिम काफी अधिक हो सकता है, जिसमें क्वालिटी ऑफ लाइफ बिगड़ने का खतरा रहता है। अध्ययनकर्ताओं की एक टीम ने पाया कि युवाओं में हड्डियों से संबंधित समस्याएं पिछले 10-15 वर्षों से अधिक देखी जा रही है, पर कोरोना महामारी के दौरान इसका जोखिम अधिक हो गया है। इसके लिए जिन कारणों को प्रमुख माना जा रहा है उनमें वर्क फ्रॉम होम के दौरान लंबे समय तक बैठने की स्थिति शीर्ष पर है। सेंडेंटरी लाइफस्टाइल को पूरे शरीर के लिए कई प्रकार के दुष्प्रभावों का कारण माना जाता रहा है।



### वर्क फ्रॉम होम और हड्डियों की समस्या

कोविड के दौरान सुरक्षात्मक तौर पर घर से काम करने की सहूलियत काफी बढ़ गई थी। संक्रमण के जोखिमों को कम करने में तो इसके लाभ थे पर शोधकर्ताओं ने इसके दीर्घकालिक दुष्प्रभावों को लेकर लोगों को अलर्ट किया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि वर्क फ्रॉम होम के दौरान बहुत से लोग घर से काम करते हुए घंटों तक एक ही स्थिति में बैठे रहते हैं। काम का समय बढ़ गया जिसके कारण व्यायाम में कमी आ गई, परिणामस्वरूप ऐसे लोगों में हड्डी, मांसपेशियों और जोड़ों से संबंधित समस्याओं का जोखिम काफी बढ़ गया है।

### हड्डियों को क्षति पहुंचा रही हैं ये दो कारण



डॉक्टर कहते हैं, मांसपेशियों और हड्डियों को स्वस्थ रखने के लिए हमारे शरीर को सक्रिय रखने की जरूरत होती है। व्यायाम की कमी के चलते हड्डियों के घनत्व और शक्ति में दिक्कतें देखी जा रही हैं। दूसरी तरफ घर से बाहर न निकलने से विटामिन-डी की कमी का जोखिम भी काफी बढ़ गया, जिससे शरीर में कैल्शियम का अवशोषण प्रभावित हुआ जो हड्डियों के स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकती है।

### लंबे समय तक बैठना धूम्रपान जितना हानिकारक

द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में वैज्ञानिकों ने लंबे समय तक बैठे रहने की स्थिति को धूम्रपान जितना ही सेहत के लिए हानिकारक पाया है। लंबे समय तक बैठे रहने से न केवल आपका वजन बढ़ता है, ये आपकी पीठ की हड्डियों और मांसपेशियों को क्षतिग्रस्त बनाने का भी कारण हो सकती है। इसके कारण कई लोगों में पैरों में ब्लड क्लॉटिंग का भी जोखिम बढ़ गया है, जिसे डीप वेनस थ्रोम्बोसिस (डीवीटी) भी कहा जाता है। हड्डियों की सेहत को क्षति पहुंचाने में भी



लॉन्ग सिटिंग के दुष्प्रभाव देखे गए हैं।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोरोना महामारी के बाद से युवाओं में हड्डियों की समस्या काफी बढ़ गई है। वैसे तो इसका कोई प्रत्यक्ष वैज्ञानिक प्रमाण नहीं है कि घर से काम करने की व्यवस्था ने लोगों की हड्डियों को कमजोर कर दिया है, लेकिन इससे संबंधित कुछ कारक हैं जो अप्रत्यक्ष रूप से हड्डियों के लिए हानिकारक पाए गए हैं।

डॉक्टर कहते हैं, हड्डियों की बीमारियां जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करने वाली हो सकती हैं, अगर आप भी लॉन्ग सिटिंग वाले काम करते हैं तो इसके जोखिमों को लेकर सावधान हो जाने की आवश्यकता है।



## बुधवार के लिए आपका लकी नंबर और शुभ रंग जानिए

दैनिक अंक ज्योतिष आपके मूलांक के आधार पर आपको बताता है कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल हैं या नहीं। अंक ज्योतिष एक महत्वपूर्ण विद्या है, जिसके द्वारा अंकों के माध्यम से व्यक्ति के विषय एवं उसके भविष्य को जानने का प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए समझिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 23 अप्रैल को हुआ है तो उसकी जन्म तारीख के अंकों का योग 2+3=5 आता है। यानि 5 उस व्यक्ति का मूलांक कहा जाएगा।

आईए, जानते हैं आपके मूलांक के आधार पर 30 अगस्त बुधवार का दिन कैसा रहेगा।

**अंक 1 :** हाल ही में मिली अपनी सफलता का जश्न मनाएं। किसी खास के साथ रोमांस के लिए समय निकालें। नेटवर्किंग और कूटनीति आपको नए क्लब और ग्रुप में कनेक्शन बनाने के लिए मदद करेंगे।

शुभ अंक- 21 , शुभ रंग- नारंगी

**अंक 2 :** ये दोस्ती भविष्य में नेटवर्किंग का विस्तार और दायरा बढ़ा सकती हैं। आज नए जीवन को शुरू करने और पुराने दोस्तों से संबंधों को सुधारने का सबसे बढ़िया समय है।

शुभ अंक-11, शुभ रंग- भूरा

**अंक 3 :** नए सितारे आपके लिए आशा की नई किरण और असंख्य संभावनाएं ले कर आये है। सफलता प्राप्त करने के लिए तीन चीज़ें बहुत जरूरी होती हैं सही समय , सही सोच और सही तरीके का होना।

शुभ अंक- 19 : शुभ रंग- हरा



**अंक 4 :** आप अभी अपने काम का मज़ा ले रहे हैं। आपके संचालन के गुणों की दूसरे लोग प्रशंसा करते हैं और अभी आपको इनाम मिल सकता है या आपका वेतन बढ़ सकता है। अपने परिवार के साथ जश्न मनाएं।

शुभ अंक-23, शुभ रंग- पीला

**अंक 5 :** सच्ची व्यक्ति के रूप में आपकी पहचान अब और भी दृढ हो रही है। आज का दिन आध्यात्मिक रूप से बेहद प्रबल है इसलिए आज अपने दिमाग की जगह दिल की सुनें।

शुभ अंक- 9, शुभ रंग- केसरिया

**अंक 6:** कानूनी मामलों के लिए आपको यात्रा करनी पड़ेगी। यदि ऐसा है, तो नए स्थानों को देखने और अपने क्षितिज को विस्तृत करने का आनंद लें।

शुभ अंक-16, शुभ रंग- नीला

**अंक 7 :** शिक्षा पूरी करने के लिए अच्छा समय है। आस्था में आपकी नई रुचि सलाहकार या पिता से प्रेरित हो सकती है। दिमाग का विस्तार करने के लिए तैयार रहें।


शुभ अंक- 18 शुभ रंग- ग्रे

**अंक 8:** आज आप समय कैसे व्यतीत करेंगे,यह पूरी तरह से आप पर निर्भर करता है। आप अपने दोस्तों के साथ समय बिता सकते है या कुछ लोग दोस्तों की भलाई के लिए काम करेंगे।

शुभ अंक-6, शुभ रंग- लाल

**अंक 9:** कोई व्यक्तिगत असफलता आपके तनाव का कारण बन सकती है। जिन समस्याओं का आप सामना कर रहे हैं उनका पता लगाएं और उनका प्रबंधन करें। अपेक्षित विरासत से आपको धन लाभ हो सकता है।

शुभ अंक-29, शुभ रंग- गुलाबी



## गर्मी और लू से राहत दिलाएंगे ये ड्रिंक्स, आप भी आजमाइए



गर्मियों की अभी बस शुरूआत ही हुई है, और अभी से लोगों का घर से बाहर निकलना कम हो गया है। कई जगहों पर तो पारा 40 डिग्री के भी पार जाने लगा है। ऐसे में सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी होने लगा है।

यदि आप भी अभी से लू और गर्मी से परेशान है तो सत्तू से बनने वाले कुछ ड्रिंक्स को अपने रूटीन में शामिल करें। यहां हम आपको सत्तू से बनने वाली कुछ ड्रिंक्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको बनाना भी काफी आसान है और इसके सेवन से आपके शरीर को गर्मी से राहत भी मिलेगी।

### सत्तू का नमकीन शरबत

इस ड्रिंक को तैयार करना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए आपको सत्तू के साथ-साथ काला नमक, नींबू का रस, शहद और पानी की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सबसे पहले तो एक गिलास में सब चीजों को मिक्स कर लें। चम्मच से अच्छी तरह इसे मिक्स करने के बाद आखिर में इसमें आइस क्यूब डाल लें।

### सत्तू का मीठा शरबत

इसे बनाने के लिए आपको सत्तू पाउडर, चीनी और पानी की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए एक गिलास में सबसे पहले दो चम्मच सत्तू पाउडर और चीनी निकाल लें। अब इसमें पानी डालें और अच्छी तरह से मिक्स करें। जब चीनी घुल जाएगी तो इसमें आइस क्यूब डालें और ठंडा-ठंडा परोसें।

### सत्तू का चटपटा शरबत

यदि आपको चटपटा खाना पसंद है तो आपको प्याज, हरी मिर्च, धनिया पत्ती, नमक, काला नमक, भुना जीरा की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए आपको आपको सबसे पहले पानी में बारीक सत्तू, कटा प्याज, हरी मिर्च, और अन्य चीजों को मिक्स करना है। अब इसे सही से मिक्स करें और आइस क्यूब डालकर ठंडा ही परोसें।

### सत्तू और पुदीने का शरबत

इसे बनाने के लिए आपको सत्तू, पुदीने के ताजे पत्ते, नींबू का रस, शहद और ठंडे पानी की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए एक गिलास में सभी चीजों को डालकर उसमें पानी डालें। अब पूरी तरह से मिक्स करने के बाद इसमें आइस क्यूब डालें और परोसें। चाहें तो आइस क्यूब डालना स्किप भी कर सकते हैं।

## लैपटॉप पर काम करने से कलाइयों में होता है दर्द तो करें इन योगासनों का अभ्यास



विशेषज्ञ के मुताबिक कुछ योग मुद्राएं हैं जो कलाई की मांसपेशियों को सक्रिय कर सकते हैं, लचीलापन और गतिशीलता में सुधार कर सकते हैं और रक्त संचार को बढ़ाने के साथ ही जोड़ों के कार्य को बेहतर बना सकते हैं।

### नमस्कार मुद्रा

अपने हाथों को सामने की ओर ढीला-ढाला पकड़ें। सांस अंदर लेते हुए आगे की ओर झुके बिना दोनों हाथों को नीचे की ओर धकेलें। पांच सेकंड तक इस स्थिति में रुकें और फिर सांस छोड़कर आराम करें। इस मुद्रा को दो बार दोहराएं।

### अधोमुखश्वानासन

इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले हथेलियों को घुटनों से शुरू करते हुए कंधों के नीचे तक ले जाएं और घुटनों को हिप्स के नीचे करें। इसके बाद अपने हिप्स को ऊपर उठाकर अपने घुटनों को सीधा करें। अब आपको उल्टा वी आकार बनाना है, इसके लिए आपको अपने पैरों को संयोजित करना है। फिर एड़ी को फर्श से छूने की कोशिश करें। कुछ सेकंड रहने के बाद फिर से दोहराएं।

### कलाई घुमाना

आरामदायक स्थिति में आकर अपनी कलाइयों को गोलाकार गति से घुमाएं, पहले दक्षिणावर्त और फिर वामावर्त। इस दौरान सामान्य रूप से सांस लें। इस मुद्रा को आप बैठकर या खड़े होकर जैसे चाहे कर सकते हैं।

### उलटी प्रार्थना मुद्रा

इस मुद्रा के लिए अपने हाथों को पीठ के पीछे ले जाकर नमस्कार मुद्रा या प्रार्थना मुद्रा बनाएं। पांच सेकंड इसी स्थिति में रुके फिर आराम करें।















## खबर संक्षेप



### श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन कथा सुनने पहुंचीं वीणा सिंह

**रायपुर।** रामनवमी के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी वीणा सिंह ने ओमप्रकाश गुप्ता सह परिवार द्वारा अपने निवास न्यू राजेंद्र नगर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के अंतिम दिन मंगलवार को कथा श्रवण कर परिवार को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कथावाचक पं. नीलेश तिवारी ने जीवन में भागवत कथा सुनने का महत्व बताते हुए सम्मानित किया। साथ ही छत्तीसगढ़ प्रदेश सौंडिक समाज के अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता द्वारा वीणा सिंह का समाज की तरफ से स्वागत, अभिनंदन कर समाज की सौंडिक पत्रिका भेंट की गई।

### गहोई यूथ ने छात्राओं को किया पुरस्कार वितरण



**रायपुर।** गहोई समाज के युवा सदस्यों ने गहोई यूथ के बैनर तले ग्राम माना के नजदीक (भटगांव) ग्राम धनेली पंचायत स्थित शासकीय मिडिल व प्राइमरी स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता किया गया। इस स्पर्धा में प्राइमरी व मिडिल स्कूल के 50 बच्चों ने भाग लिया, इसे तीन वर्गों में बांटकर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया। साथ ही सभी बच्चों को प्रमाणपत्र व फूड पैक भी दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, वूमेन लायंस क्लब की अध्यक्ष प्रीति पाण्डेय, गहोई समाज के अध्यक्ष अशोक बानी, उपाध्यक्ष दिनेश नौगरिया, सचिव संजय गेंडा, कोषाध्यक्ष पंकज सरावगी, सहसचिव सुमित कंदेले, कार्यकारिणी के सदस्य व युवा मंडल आदि शामिल थे।

### शरद प्रदेशाध्यक्ष, अभिनव बने सनातन शक्ति संघ के जिलाध्यक्ष




**रायपुर।** सनातन शक्ति संघ के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी सुभाष ने इंजीनियर शरद शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष, अनिता कुमार को महिला प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष, सत्येंद्र प्रधान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं अभिनव भागवत को रायपुर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने संगठन द्वारा किए जा रहे कार्यों को सच्चे मन से संपूर्ण का संकल्प लिया। इसमें गोरक्षा, वृक्षारोपण, जरूरतमंदों की मदद, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य, लैंगिक भेदभाव की रोकथाम, अंधविश्वास पर विराम, महिला सशक्तिकरण, योग कक्षा से समृद्ध भारत, राष्ट्र विपदा में हरसंभव सहायता, सामाजिक कुरीतियों का खात्मा, हिंदू समाज की गरीब लड़कियों की शादी, भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूकता, सनातन बोर्ड गठन की मांग आदि शामिल है।

# आज भाजपा की चार बड़ी बैठकें, सीएम साय, शिव प्रकाश और नितिन का मिलेगा मार्गदर्शन

## नगरीय निकायों के प्रतिनिधियों और निगम, मंडल के अध्यक्ष-उपाध्यक्षों की होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश मंगलवार रात को यहां पहुंचे। अब भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन बुधवार सुबह यहां पहुंचेंगे। इसके बाद कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सुबह 9.30 बजे से बैठकों का दौर प्रारंभ होगा। बैठकों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा और प्रदेश के कुछ मंत्री भी शामिल होंगे। बैठकों में मुख्यरूप से नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जीतने के बाद महापौर, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष बने जन प्रतिनिधियों, निगम, मंडल, आयोग में नियुक्ति अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ बैठक होगी। इन सभी को भाजपा नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली है। इसके बाद अब प्रदेश सरकार ने तीन दर्जन निगम, मंडल और आयोगों में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों की नियुक्ति भी कर दी है। आने वाले समय में बचे हुए निगम, मंडलों में नियुक्ति होनी है। इसी के साथ इस समय भाजपा के स्थापना दिवस पर लगातार कार्यक्रम चल रहे हैं।



### कामकाज का बताया जाएगा तरीका

*बैठकों के दौर में सबसे पहले सुबह को 9.30 से 10.30 बजे तक शिव प्रकाश और नितिन नवीन भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष और महामंत्रियों के साथ बैठक करेंगे। इसमें राष्ट्रीय नेता संगठन की गतिविधियों के बारे में पूरी जानकारी लेंगे। इसके बाद 10.30 से 12.30 बजे तक निगम, मंडल और आयोग में नियुक्ति किए गए अध्यक्ष और उपाध्यक्षों के साथ बैठक होगी। तीसरी बैठक 12.30 से 1.30 बजे तक शिव प्रकाश, नितिन नवीन, प्रदेशाध्यक्ष किरण देव प्रदेश के सभी मोर्चा के अध्यक्षों की बैठक लेंगे। अंत में दोपहर 3.00 से 4.30 बजे तक निगमों के महापौर, सभापति, नगर पालिका और नगर पंचायतों के अध्यक्ष उपाध्यक्षों और जिला पंचायत के जिला अध्यक्षों और उपाध्यक्षों के साथ बैठक होगी। इन बैठकों में शिव प्रकाश, नितिन नवीन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कामकाज को लेकर मार्गदर्शन मिलेगा कि किस तरह से काम करना है। इसी के साथ सभी का परिचय भी होगा।*

## एकात्म परिसर में भाजपा ने किया कार्यकर्ताओं का सम्मान

# साय बोले- बगिया जैसे छोटे स्थान का कार्यकर्ता भी बन सकता है मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एकात्म परिसर के भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, भाजपा की सबसे बड़ी ताकत हमारे कार्यकर्ता ही हैं। इसके दम पर ही हर चुनाव जीता जाता है। पार्टी भी देवतुल्य कार्यकर्ताओं का हमेशा सम्मान करती है। एक बगिया जैसे जगह का कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बन सकता है, यह सिर्फ भाजपा में ही संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप ने की। कार्यक्रम में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, सभी विधायक और महापौर मीनल चौबे के साथ भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, हमारे वरिष्ठ नेता ही पार्टी की नींव का पत्थर हैं। इनकी वजह से भाजपा की इमारत खड़ी है। उन्होंने कहा, अटल जी ने कहा अंधेरा छटेगा कमल खिलेगा आज वो पूरा हुआ। भाजपा आज एक लोकप्रिय पार्टी हो चुकी है। केंद्र में बहुमत के साथ एनडीए की सरकार चल रही है। कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत यह पार्टी बहुत बड़ी हो चुकी है। लगातार तीन बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में हमारी सरकार चल रही है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना पूरा हुआ है। धारा 370 कश्मीर से हटाने का काम केंद्र की हमारी सरकार ने किया। मुस्लिम महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए ट्रिपल तलाक बिल पास हुआ। श्री साय ने कहा, छत्तीसगढ़ में चौथी बार भाजपा की सरकार बनी है। सभी चुनाव में छत्तीसगढ़ की जनता ने आशीर्वाद दिया है। कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही यह परिणाम है जो सफलता मिली है। श्री साय ने कहा, बुजुर्ग सोचते हैं कि एक बार गंगा स्नान कर तीर्थ यात्रा कर ले। बूढ़े मां-बाप को तीर्थ यात्रा करवाने का समर्थ हर बच्चे में नहीं होता। इसका बीड़ा भी हमारी सरकार ने उठाया है। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सभी दर्शन कराए जा रहे है।



### कांग्रेस को अब समय ही नहीं देना है

श्री साय ने कहा, पूरे प्रदेश में सुशासन स्थापित करना है। अब कांग्रेसियों को समय देना ही नहीं है। उन्होंने कहा, उनके वंश के लोग ही कांग्रेस में अध्यक्ष बनते हैं। भाजपा में ही परिश्रम और ईमानदारी के बल पर किसी भी पद पर पहुंचा जा सकता है। भाजपा में लगातार बदलाव होते रहते हैं हर पद में लोगों को मौका मिलता है। उन्होंने कहा, सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी आप सभी की है।

### पवन साय ने भाजपा की विकास यात्रा पर डाला प्रकाश

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने मुख्य वक्ता के रूप भाजपा की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर शहर जिला की चारों विधानसभा के विधायक राजेश मूणत , पुरंदर मिश्रा , मोतीलाल साहू और सुनील सोनी , धरसींवा विधायक अनुज शर्मा सहित भाजपा के नवनियुक्त निगम मंडल आयोग के अध्यक्ष उपाध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में किया गया।

# बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का मौन प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के लचर कानून व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस ने मंगलवार को मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर शहर एवं ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पीड़ति परिवार को न्याय दिलाने एवं राज्य की लचर कानून व्यवस्था के मामले मे कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री पुतला दहन कर गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की है।

कांग्रेस भवन गांधी मैदान के सामने कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने मासूम बच्ची की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही मुंह पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे ने कहा, जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आयी है, कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है। हाल ही मे दुर्ग जिले के मोहन नगर थाने मे 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुराचार की घटना हुई। गरियाबंद जिले देवभोग थाने के अंतर्गत आदिवासी युवक को पूछताछ के नाम पर थाना बुलाया गया और प्रताड़ति किया। पुलिस द्वारा उसे लाठी डंडे से मारकर उसका पैर तोड़ा गया। साथ ही फिंगेश्वर थाने के अंतर्गत नाबालिग बच्चे को पुलिस द्वारा टॉर्चर किया गया। ऐसी घटनाएं लगातार प्रदेश मे देखने मिल रही हैं।

### ये थे मौजूद

प्रदर्शन में जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधोराम वर्मा, मदन तालेड़ा, प्रशांत ठेंगडी, नवीन चंद्रकार, दीपा बग्गा, देव कुमार साहू, प्रभारी महामंत्री जी.श्रीनिवास, बंशी कन्नौजे, देवेंद्र यादव, मणिराम साहू, सेवक महानंद, नीलिमा सिंह, कमलेश नथवानी, माधव छूरा, प्रवीण चंद्राकर , शब्बीर खान, योगेश तिवारी, मुन्ना मिश्रा, अनिल रायचूरा, मोहसिन खान, राज देवांगन, शनासा परवीन, सुनील ध्रुव, विष्णु राजपुत, कमलाकांत शुक्ला, विनोद ठाकुर, ब्रम्हा सोनकर, महाबीर देवांगन, राधे नायक, जितेंद्र यादव, आकाश नाग, सुषमा ध्रुव, बिरझु साहू, राधिका शेट्टी सहित कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सीएम साय ने कहा- कभी भी हो सकता है मंत्रिमंडल का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में साय सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कभी भी मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक हलचल और तेज हो गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि मंत्रिमंडल विस्तार की सूची जल्द आ सकती है। दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में संवाददाताओं से चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने इसके संकेत दिए हैं। हालांकि सरकार या राजभवन की तरफ से अब तक कोई भी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर केवल राजनीतिक गलियारों में अटकलों का दौर ही चल रहा है।

मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर अटकलों के बीच सूत्रों से जानकारी मिली है कि आने वाले दिनों में तिथि की घोषणा होगी। साय मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत 11 मंत्री हैं। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद से एक पद रिक्त हुआ था। इस लिहाज से 2 मंत्री पद रिक्त माने जाते रहे हैं, लेकिन हरियाणा फार्मूला लागू होने के बाद एक अतिरिक्त मंत्री पद राज्य में बढ़ने की संभावना बताई जा रही है। वहीं मंत्रिमंडल विस्तार के साथ संसदीय सचिवों की नियुक्ति किए जाने की भी चर्चा है। उल्लेखनीय है कि साय सरकार का कार्यकाल लगभग डेढ़ साल पूरा होने को हैं। प्रदेश में नगरीय निकाय से लेकर पंचायत चुनाव भी हो चुके हैं। ऐसे में संगठन के द्वारा अब सरकार में रिक्त मंत्री और अन्य पदों के लिए नाम सुझाए गए हैं। आने वाले दिनों में आधा दर्जन निगम मंडलों में भी नियुक्ति की सूची जारी हो सकती है।



- राजनीतिक हलचल तेज, संसदीय सचिव बनाने की भी चर्चा

### इनके नामों की चर्चा

मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने को लेकर जिन नामों की चर्चा हो रही है, उनमें अमर अग्रवाल, गजेंद्र यादव, राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा के नाम शामिल हैं। वहीं संसदीय सचिव बनाने करीब डेढ़ दर्जन विधायकों के नाम सामने आ रहे हैं।

*आवेदन के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था*

# सुशासन तिहार : शहर से लेकर गांवों तक लोग सुबह से आवेदन लेकर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में मंगलवार से शुरू हुए राज्य व्यापी सुशासन तिहार में लोगों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन देने का सिलसिला शुरू हो गया है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोग बेहिचक आवेदन दे रहे हैं। लोगों को भरोसा है कि उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए त्वरित पहल की जाएगी। सुशासन तिहार के पहले चरण में आम लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए 11 अप्रैल तक राज्य के सभी ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों और जिला मुख्यालयों में आवेदन लिए जाएंगे।

**जिलों में कलेक्टर जुटे:** इस अभियान की शुरुआत से पहले ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य के सभी कलेक्टरों को पत्र लिखकर सुशासन तिहार के लिए बनी कार्ययोजना पर काम करने के निर्देश दिए थे। मंगलवार को अभियान शुरु होने के साथ ही राज्य के जिलों में कलेक्टर इस अभियान को सफल बनाने के लिए जुटे। राजधानी रायपुर में कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने राजधानी के विभिन्न वार्डों में पहुंच कर लोगों को अपनी समस्या के निराकरण के लिए आवेदन देने की अपील की। उन्होंने नगर निगम के जोन क्रमांक 4 के कार्यालय और विभिन्न वार्डों में आवेदन लिये जाने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने लोगों से अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए बिना किसी हिचक के आवेदन करने कहा।

### महासमुंद में कलेक्टर सहित अमला जुटा

महासमुंद जिले में कलेक्टोरेट, जनपद और तहसील कार्यालय में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है। सुशासन तिहार के सफल संचालन के लिए कलेक्टर द्वारा 51 नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। कलेक्टर महासमुंद श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर आवेदन लेने की प्रक्रिया का जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि लोगों को आवेदन देने के लिए किसी प्रकार का दिक्कत न हो इसका विशेष रूप से ध्यान दें। जरुरत के मुताबिक कई केंद्रों में आवेदन देने मदद करने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं।

### धमतरी में तीनों अनुभाग में लिए गए आवेदन

धमतरी जिले के कलेक्टर अबिनाश मिश्रा सहित जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव और तीनों अनुभागों के अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों ने पोटियाडीह, परसतराई, ग्राम पंचायतों में पहुंचकर सुशासन तिहार के दौरान आवेदन लेने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस दौरान अशिक्षित आवेदकों के आवेदन लिखने के लिए किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आवेदन देने से मना या रोका नहीं जाए। इसके बाद कलेक्टर ने नगर निगम क्षेत्र में हटकेशर वार्ड पहुंचकर वहां मौजूद महिलाओं और लोगों से बातचीत की। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में अपनी मांगों और समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन करने को कहा।

### जगदलपुर, बालोद में समाधान पेटी

*जगदलपुर जिले में जिले के सभी गांवों, नगरीय क्षेत्रों के सभी वार्डों कलेक्टर कार्यालय सहित सभी शासकीय कार्यालयों में लोगों से आवेदन लेने के लिए समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार बालोद जिले में भी लोगों से आवेदन लेने के लिए सभी महत्वपूर्ण स्थानों में समाधान पेटी की व्यवस्था की गई है। सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है। सुशासन तिहार तीन चरणों में आयोजित होगा पहले चरण में 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई 2025 के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।*

## अधिकारी आम जनता से नियमित रूप से मिलें, करें संवाद

# राज्यपाल ने ट्रैफिक, पानी की समस्या के समाधान पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने मंगलवार को रेडक्रॉस हॉल, कलेक्टोरेट में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में जिले की प्रमुख मुद्दों जैसे यातायात, पेयजल की स्थिति, नशे की बढ़ती प्रवृत्ति इत्यादि पर चर्चा की। उन्होंने ने कहा, जो समस्याएं आती हैं, उनके समाधान के लिए ठोस कदम सुझाएं और उसे क्रियान्वित भी किया जाए। उन्होंने कहा, जनता से संवाद बनाये रखें, नियमित रूप से उनसे मिलें और उनकी समस्याओं को सुनें, ताकि जमीनी हकीकत का सही आकलन हो सके। जन संवाद से न केवल समाधान मिलते हैं, बल्कि जनता का विश्वास भी मजबूत होता है।

जिले के विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा में उन्होंने यातायात के समस्या पर चर्चा करते हुए कहा, आमजनों को यातायात के प्रति जागरूक करें और नई पीढ़ी को शिक्षित भी करें। उन्होंने सुझाव दिया कि



बाएं मोड़ (लेफ्ट टर्न) को आसान बनाया जाए, रेल्वे फाटकों पर डिवाइडर लगाए जाएं ताकि दुर्घटनाएं कम हों। स्टंट करने वाली तेज रफ्तार टू-व्हीलर गाड़ियों पर सख्ती से कार्रवाई हो। राज्यपाल ने पेयजल समस्या और जल संरक्षण के प्रयास पर चर्चा करते हुए कहा, सभी शासकीय कार्यालयों में जल संरक्षण के उपाय को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। साथ ही आम जनता को भी इसके प्रति जागरूक किया जाए। जल शक्ति अभियान जैसे

### चौराहों की तकनीकी समस्याओं पर ध्यान- एसपी

*पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने बताया कि जिले में ट्रैफिक जाम की स्थिति को सुधारने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। प्रमुख चौक-चौराहों पर जाम के कारणों का पता लगाया गया है और उन्हें ठीक करने का काम शुरू हो चुका है। इसके लिए 50 लोगों की एक प्रहरी टीम का गठन किया गया है, जो यातायात को सुचारू करने कार्य करती है। एसपी ने आगे बताया कि कुछ चौक-चौराहों के तकनीकी समस्याओं को सुधारा जा रहा है।*

### सूखे तालाबों का रिजनरेशन- गौरव

*कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने बताया कि गत वर्ष जल शक्ति अभियान चलाया गया था, जिसके तहत सूखे तालाबों का पुनर्जनन (रिजनरेशन) किया गया। इससे अगली बरसात में पानी का स्तर बेहतर होने की उम्मीद है। नरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में 211 अमृत सरोवर, 1056 सोक पिट, 63 चेक डैम और रीचार्ज पिट बनाए गए हैं।*

# मिशन अमृत में लेटलतीफी व लापरवाही पर अधिकारियों और एजेंसियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने मंगलवार को मिशन अमृत-2 के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मिशन के कार्यों में देर और लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए अधिकारियों और एजेंसियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने अधूरे कार्यों को बारिश से पहले पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। वहीं लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। मिशन अमृत-2 के नोडल अधिकारी, अभियंता, प्रोजेक्ट डेवलपमेंट एंड मैनेजमेंट कन्सल्टेंट्स एवं उनके डिप्टी टीम लीडर्स, असिस्टेंट कन्स्ट्रक्शन मैनेजर्स तथा चयनित निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि भी बैठक में मौजूद थे। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने राज्य शहरी विकास अभिकरण के अधिकारियों को मिशन अमृत-2 के कार्यों की नियमित समीक्षा करने तथा फील्ड में जाकर प्रगति व गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, अगली समीक्षा बैठक में कार्यों की भौतिक प्रगति और समयबद्ध योजना की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करें। उल्लेखनीय है कि मिशन अमृत-2 के तहत प्रदेश के 36 नगरीय निकायों में पेयजल परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें से 29 में कार्यादेश जारी हो चुके हैं।

- बारिश से पहले पूर्ण करें काम, लापरवाही एवं उदासीनता पर कार्रवाई



### समय पर कार्य न होने पर केंद्र से नहीं मिलेगी राशि

*डॉ. बसवराजु ने सभी कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा, मिशन के कार्य समय पर पूरे नहीं होने पर केंद्र सरकार से राशि नहीं मिलेगी, जिससे राज्य सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ पड़ेगा। मिशन अमृत-2 को मार्च-2026 तक पूरा करना है। यह केंद्र और राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को मिशन के कार्यों में कुशल मानव संसाधन लगाने के साथ ही ड्राइंग-डिजाइन, सर्वे डॉटा और अन्य कार्य समय पर पूरे करने के निर्देश दिए।*